

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 93 रांची, मंगलवार, 17 मार्च, 2026 (चैत्र, कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## संक्षिप्त

### नीतीश कुमार बने रह सकते हैं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पटना।** बिहार में राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के बीच सोमवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि राज्यसभा जाने और मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। जदयू द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 22 मार्च तय की गई है। 23 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 24 मार्च नाम वापस लेने की आखिरी तारीख निर्धारित की गई है। अगर अध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक उम्मीदवार मैदान में रहते हैं तो 27 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। इस चुनाव को लेकर दिल्ली स्थित जदयू के पार्टी कार्यालय में तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि मौजूदा हालात में नीतीश कुमार का फिर से जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना लगभग तय है।

### प. बंगाल के नए डीजीपी बने सिद्धनाथ गुप्ता, अजय कुमार नंदा कोलकाता के नए पुलिस कमिश्नर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने राज्य के प्रशासनिक ढांचे में बड़े पैमाने पर बदलाव जारी रखते हुए अब पुलिस के शीर्ष स्तर पर भी फेरबदल किया है। मतदान कार्यक्रम घोषित होने के 24 घंटे के भीतर कोलकाता के पुलिस आयुक्त और राज्य पुलिस के कार्यवाहक महानिदेशक को बदल दिया गया है। चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को उनके पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार नंदा को नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है।

### पश्चिम बंगाल विस चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 144 उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 144 उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी की। सूची में सुवेंदु अधिकारी और अग्निमित्रा पॉल के भी नाम हैं। सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और अग्निमित्रा पॉल को आसानसोल दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा की विज्ञप्ति के मुताबिक केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक नितिन नवीन की अध्यक्षता में दिनांक 12 मार्च को सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# एलपीजी संकट पर राज्यसभा में सत्तापक्ष व विपक्ष में तीखी नोंकझोक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की उपलब्धता और कीमतों के मुद्दे सोमवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक देखने को मिली। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश में एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने का मुद्दा उठाया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उन्हें टोका, जिसके बाद सदन में कुछ देर के लिए माहौल गर्म हो गया। खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण देश में एलपीजी संकट की स्थिति बन गई है। भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें करीब 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज की खाड़ी के रास्ते से आती है। ऐसे में हालात बिगड़ने से देश के कई हिस्सों में आम जनता, होटल, रेस्टोरेंट और हॉस्टल सहित विभिन्न क्षेत्रों में परेशानी बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर के दाम 5,000 रुपये से अधिक तक पहुंच गए हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया था कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और अफवाहों से बचने को कहा था, लेकिन जमीनी हालात अलग दिखाई दे रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि जब पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ा था, तब सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी। उस समय से सरकार को यह मालूम था कि ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, इसके बावजूद पर्याप्त तैयारी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि शहरों में एलपीजी सिलेंडर बुकिंग का वेटिंग पीरियड 25 दिन और ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में 45 दिन तक पहुंच गया है, जिससे पैनिक बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से इस विषय में तत्काल ठोस कदम उठाने और आम लोगों तथा छोटे व्यापारियों को किफायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि उन्हें दुख है कि विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, विपत्ति के समय भी राजनीति करने से पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न हुई समस्या भारत के कारण नहीं है और इस मुद्दे पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी पहले ही सदन में विस्तृत जानकारी दे चुके हैं। नड्डा ने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के मामले में कांग्रेस का एक नेता पकड़ा गया है।

### संसद परिसर में अचानक से बजने लगा खतरे का सायरन

**नई दिल्ली।** संसद परिसर में सोमवार को अचानक से खतरे का सायरन बजने लगा, इसके बाद मौजूद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। दरअसल यहां प्रवेश द्वार पर एक कार के पास को सिस्टम पढ़ नहीं सका। इसके बाद पास स्कैन न होने की वजह से सुरक्षा सिस्टम का सायरन बज उठा, जिसके बाद वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत स्थिति संभाल ली। यह घटना संसद भवन के विजय चौक वाले प्रवेश गेट पर हुई, जहां एक वाहन परिसर में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन सुरक्षा प्रणाली वाहन के पास को रीड नहीं कर सकी। इससे अलार्म बज गया। सायरन बजते ही सुरक्षा में तैनात जवान तुरंत सक्रिय हुए और अनधिकृत वाहन को रोकने के लिए अपनी-अपनी पोजीशन ले ली। सूत्रों ने बताया कि प्रवेश द्वार पर लगे बैरियर में अचानक हलचल दर्ज हुई, इसके बाद एहतियातन सुरक्षा ड्रिल को तुरंत सक्रिय करना पड़ा।

# विधानसभा में डीएमएफटी फंड, सड़क जाम और मतदाता सूची का मुद्दा गूंजा

## दायरा बढ़ाने और फंड के दुरुपयोग पर उठे सवाल, विपक्ष ने सरकार से मांगा जवाब

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन सोमवार को खनन क्षेत्रों के विकास के लिए उपयोग किए जाने वाले जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड, सड़क जाम, प्रदर्शन और मतदाता सूची से नाम हटाए जाने जैसे कई मुद्दे जोर-शोर से उठे। विपक्षी विधायकों ने इन मामलों पर सरकार को घेरते हुए स्पष्ट नीति और कार्रवाई की मांग की। सदन में डीएमएफटी फंड के उपयोग को लेकर विधायक प्रदीप यादव ने खान एवं भूतत्व विभाग से सवाल किया कि क्या भारत सरकार के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार खनन क्षेत्र के 30 किलोमीटर के दायरे में ही इस फंड से विकास कार्य करने का प्रावधान तय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के कारण फंड जिले के सीमित क्षेत्रों में ही खर्च हो पाता है, जिससे अन्य प्रभावित क्षेत्र विकास से वंचित रह जाते हैं।

इस पर मंत्री योगेंद्र महतो ने जवाब देते हुए कहा कि झारखंड जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियम, 2024 के तहत खनन पट्टा क्षेत्र से सीधे प्रभावित 15 किलोमीटर और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित 25 किलोमीटर के दायरे में डीएमएफटी फंड खर्च किया जाता है। यह राशि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेवाई) की गाइडलाइन के अनुसार उपयोग में लाई जाती है। हालांकि प्रदीप यादव ने कहा कि यदि फंड का उपयोग सीमित दायरे में ही होगा, तो पूरे जिले में संतुलित विकास संभव नहीं हो पाएगा। उन्होंने सारंडा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां खदानों के आसपास गांवों की संख्या सीमित है, ऐसे में फंड की बड़ी राशि खर्च नहीं हो पाएगी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि फिलहाल 15 और 25 किलोमीटर का दायरा उचित है, लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि फंड का सही उपयोग हो। उन्होंने कई जिलों में डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग की शिकायतों का जिक्र करते हुए इसकी निगरानी के लिए विधानसभा की एक टीम गठित करने का सुझाव दिया। इस पर मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि कुछ मामलों की जांच चल रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार से प्रदर्शनकारियों की मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग की

**विधायक** नवीन जायसवाल ने विधानसभा आने के दौरान सड़क जाम की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि रसोइया और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के प्रदर्शन के कारण मुख्य मार्ग जाम हो गया था, जिससे उन्हें करीब तीन किलोमीटर घूमकर विधानसभा पहुंचना पड़ा। उन्होंने सरकार से प्रदर्शनकारियों की मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग की। वहीं विधायक प्रदीप यादव ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कई राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों के नाम सूची से काटे जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में भी पैरेंटल मैपिंग के नाम पर करीब 12 लाख लोगों के नाम हटाए जा चुके हैं, जो बढ़कर 20 लाख तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने ओबीसी आरक्षण, स्थानीय युवाओं के नियोजन, आउटसोर्सिंग व्यवस्था में कथित शोषण और लंबित भूमि सर्वेक्षण जैसे मुद्दे भी सदन में उठाए।

## झारखंड विस में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्तदान कर किया शुभारंभ




प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के औषधालय में सोमवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं रक्तदान कर किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रक्तदान को एक महान मानवीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे कई जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से हम किसी अजनबी की भी जान बचाने में योगदान दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के सभी सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों से इस सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान के महत्व को समझना चाहिए और जरूरतमंदों की सहायता के लिए समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर विधानसभा रवींद्र नाथ महतो अध्यक्ष, मंत्री, विधायक तथा विधानसभा के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कई लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर इस सामाजिक पहल में अपनी भागीदारी निभाई।

# अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य और व्यायाम के महत्व पर जोर देते हुए एक संस्कृत सुभाषित सोमवार को साझा किया। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन का सबसे बड़ा धन है। इसे बनाए रखने में नियमित व्यायाम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में संस्कृत में यह सुभाषित साझा किया- व्यायामाल्लभते स्वास्थ्यं दीघार्युष्यं बलं सुखम्। आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम्॥ इस सुभाषित का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि व्यायाम से उत्तम स्वास्थ्य, लंबी आयु, शक्ति और सुख की प्राप्ति होती है। अच्छा स्वास्थ्य सबसे बड़ा सौभाग्य है और जीवन में सभी कार्यों की सफलता का आधार भी स्वस्थ शरीर ही है। मोदी ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है और इसमें व्यायाम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी देशवासियों के लिए स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना भी की।



### चयनित उम्मीदवारों को यूपीएससी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में चयनित उम्मीदवारों के लिए एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया पर आत्म-प्रचार, व्यक्तिगत ब्रांडिंग और व्यावसायिक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है। यूपीएससी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि सिविल सेवा में चयनित उम्मीदवारों को सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार और संतुलित आचरण बनाए रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किया गया कोई भी अव्यवसायिक या अनुचित पोस्ट न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि बल्कि सेवा और संस्थान की प्रतिष्ठा को भी प्रभावित कर सकता है।

# मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में आग, 10 मरीजों की मौत

एजेंसी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक स्थित श्रीरामचंद्र भंज मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ट्रॉमा केयर इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम 10 मरीजों की मौत हो गई। इस हादसे से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई और गंभीर मरीजों को तुरंत अन्य वार्डों में स्थानांतरित किया गया। आग सुबह करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच इमरजेंसी विभाग की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा आईसीयू में लगी, जहां उस समय 23 मरीज भर्ती थे।

प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद होगी। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मृतकों की पहचान रमेश परिडा, दशारू मुंडा, एम.डी. न्युम, गौरांग बारिक, एस.के. अब्दुल सत्तार, मधुसूदन दलाई, कृष्णचंद्र बिस्वाल, रवींद्र दास, चारू परिडा और मेनका राउत के रूप में हुई है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि अन्य मरीजों को सुरक्षित रूप से अस्पताल के विभिन्न विभागों में स्थानांतरित कर दिया गया है और उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने जताया शोक

ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में लगी आग की घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रपति मुर्मु और उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

# सरकार ने फिर दोहराया - देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

## घरेलू उपभोक्ताओं को लगातार मिल रही है सप्लाई, कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित निकासी और भारतीयों की स्वदेश वापसी के प्रयास कर रही है। सरकार ने फिर दोहराया कि देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है और वितरण एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। एलपीजी से लदा एक जहाज भारतीय तट पर पहुंच रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को सप्लाई लगातार मिल रही है और डिस्ट्रीब्यूटर-लेवल पर कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि अब लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन ही की जाती हैं और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड का इस्तेमाल बढ़कर 72 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

राज्यों ने जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन हैं, उन्हें सलाह दी गई है कि वे अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर दें और घबराहट में बुकिंग करने से बचें। इसके अलावा कच्चे तेल की सप्लाई पर्याप्त बनी हुई है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोल पंप भी सामान्य रूप से चल रहे हैं और कहीं भी तेल खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। प्राकृतिक गैस की सप्लाई भी बिना किसी रुकावट के जारी है और सीएनजी तथा पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए 100 प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कमर्शियल एलपीजी इस्तेमाल करने वालों को पीएनजी पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए सीजीडी कंपनियां इंसेंटिव दे रही हैं और नए कनेक्शन देने की प्रक्रिया को भी तेज कर रही हैं।




### होर्मुज से एलपीजी लेकर गुजरात पहुंचा भारतीय जहाज शिवालिक

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत के लिए राहत देने वाली खबर सामने आई है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर भारतीय ध्वज वाला शिवालिक जहाज 45,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट बंदरगाह पहुंच गया है। दूसरा जहाज नंदा के भी जल्द आने के बाद देश में रसोई गैस की किल्लत कम होने के आसार हैं। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर संयुक्त हमले के चलते हॉर्मुज जलडमरूमध्य में फंसा भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर शिवालिक 'शिवालिक' 45,000 टन एलपीजी लेकर सोमवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर सुरक्षित पहुंच गया है। युद्ध क्षेत्र से सुरक्षित निकले इस जहाज से देशभर में चल रहा एलपीजी संकट दूर होने की उम्मीद है।

# डाक विभाग आज से शुरू करेगा 24 स्पीड पोस्ट सेवा

### छह बड़े शहरों में अगले दिन पार्सल डिलीवरी का दावा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया डाक विभाग की 24 स्पीड पोस्ट सेवा का मंगलवार, 17 मार्च को शुभारंभ करेंगे। इसके तहत जरूरी पार्सल अगले दिन पहुंचाने का वादा किया गया है। प्रथम चरण में यह सेवा देश के छह बड़े शहरों में शुरू की जाएगी। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि 24 स्पीड पोस्ट सेवा के तहत अत्यावश्यक और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटीकृत डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में संचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी भी मौजूद रहेंगे। सरकार के मुताबिक यह सेवा पहले चरण में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में शुरू की जाएगी। साथ ही 24 और 48 स्पीड पोस्ट सेवाएं क्रमशः डी+1 (डिस्पैच के अलगे दिन डिलेवरी) और डी+2 (डिस्पैच के दो दिन में डिलिवरी) डिलीवरी टाइमलाइन सुनिश्चित करेंगी। इन सेवाओं को विशेष प्रोसेसिंग विंडो और प्राथमिकता वाली हवाई ट्रांसमिशन व्यवस्था के जरिए सक्षम बनाया गया है। नई सेवा में ओटीपी आधारित सुरक्षित डिलीवरी, एंड-टू-एंड ट्रैकिंग के साथ एसएमएस अलर्ट, बिजनेस ग्राहकों के लिए बाय नाउ पे लेटर (बीएनपीएल) सुविधा, बल्क बुकिंग के लिए मुफ्त पिकअप, एपीआई इंटीग्रेशन और केंद्रीकृत बिलिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। यदि डिलीवरी में देरी होती है तो ग्राहकों को मनी-बैक गारंटी भी दी जाएगी।

# साल और करंज बीज के संग्रहण व विपणन को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** जिले में लघु वनोपज के संग्रहण, क्रय और विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एआरसीएस कार्यालय में साल और करंज बीज के संग्रहण एवं विपणन विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला सहकारिता पदाधिकारी रवीन्द्र दास तथा सहायक निबंधक, सहयोग समितियां (एआरसीएस) खूंटी कुमारदीप एक्का की उपस्थिति रही।

कार्यशाला में क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों को बीज संग्रहण और विपणन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। बेलप्रो इंडिया प्रा लि की प्रतिनिधि ईशिका ने साल बीज की खरीद प्रक्रिया, गुणवत्ता मानक और संग्रहण के तरीकों पर विस्तार से जानकारी साझा की। वहीं तर्विवा इंडिया प्रा लि की प्रतिनिधि अनन्या सिंह ने करंज बीज के क्रय, गुणवत्ता निर्धारण तथा बाजार की मांग से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सिद्धको फेड के वरिष्ठ प्रबंधक (ट्रेड एवं मार्केटिंग) कुमार सौरव तथा उत्पादन एवं भंडारण सलाहकार रोहित कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न एमपीसीएस और एफपीओ के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए संग्रहण, भंडारण, गुणवत्ता प्रबंधन तथा विपणन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य साल और करंज बीज के संग्रहण, क्रय एवं विपणन तंत्र को मजबूत बनाना तथा सहकारी समितियों और उत्पादक संगठनों को बेहतर बाजार से जोड़ना था। इस दौरान प्रतिभागियों को गुणवत्ता मानकों, मूल्य निर्धारण प्रक्रिया और क्रय प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस पहल से जिले में लघु वनोपज आधारित आजीविका को बढ़ावा मिलेगा।

# किसी भी परिस्थिति में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : एसडीओ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को अनुमंडल कार्यालय, खूंटी में गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने की। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी भीम उरांव भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता, उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिलने की शिकायत, ओटीपी प्राप्त न होने तथा गैस की संभावित कालाबाजारी से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि जिले में एलपीजी गैस की सामान्य आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी परिस्थिति में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर औचक निरीक्षण और छापेमारी करने के लिए विशेष दल का गठन किया गया है।

## संक्षिप्त

### रांची पुलिस की ओर से सिल्ली थाना को दो वाहन दिये गये



**सिल्ली।** रांची पुलिस की ओर से सिल्ली थाना को बेहतर पुलिसिंग के के लिए दो वाहन दिए गए है। सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में पेट्रोलिंग के लिए एक बोलेरो एवं हाइवे पेट्रोलिंग के लिए एक बोलेरो दिए गए है। थाना प्रभारी ने बताया कि इससे इलाके में अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। ज्ञात हो कि पहले थाना क्षेत्र में खराब पेट्रोलिंग वाहन के कारण पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

### थाना प्रभारी के साथ युवक ने किया दुर्व्यवहार, पुलिस ने किया सनहा दर्ज



**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र के लौटा निवासी अजय मोदक ने सोमवार की शाम थाना प्रभारी नवीन कुमार को ही ट्रांसफर करवाने की धमकी दे डाली। इतना ही नहीं थाना से जाते जाते थाना प्रभारी पर दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप भी लगा दिया। उसके इस हरकत के बाद सिल्ली पुलिस ने इसके खिलाफ थाने में एक सनहा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक अजय मोदक ने नशे की हालत में 112 नंबर पर 10 से 12 बार फोन करके परेशान कर दिया उसका आरोप था कि लोटा में शराब के अवैध धंधे को सिल्ली पुलिस नहीं रोक रही है। थाना प्रभारी को इसकी सूचना मिली तो उसे थाने बुलवा लिया। थाने में थाना प्रभारी से बातचीत के क्रम में उसने अपने आप को पुलिस डिपार्टमेंट के कई डीजीपी, एसपी, दरोगा सहित कई अधिकारियों को ट्रांसफर करवाने का दावा किया। बातचीत की वीडियो ऑडियो भी कैद हो गई। नशे के हालात में जाते जाते उसने सिल्ली के थाना प्रभारी नवीन कुमार को ही बदली करवाने की धमकी दे दी। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि युवक के खिलाफ सनहा दर्ज कर लिया गया है।

# त्योहारों में शांति भंग करनेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर सोमवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता और एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीसी और एसपी ने सभी पर्व को भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए शान्ति समिति के सदस्यों से सुझाव लिया। डीसी ने सभी को आगामी त्योहारों की बधाई दी। वहीं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में अपना योगदान देने की अपील की।

बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में स्थलों को चिन्हित किया गया है, जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। इसके साथ ही दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की ओर से गश्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। शांति समिति के सभी सदस्यों को पर्व के दौरान शराब पीकर या किसी अन्य नशे की हालत में किसी भी व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि यदि पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर एसपी अजय कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा। प्रत्येक अखाड़ा के लिए वॉलिंटियर चिन्हित कर लगातार उनके साथ संपर्क में रहने का निर्देश दिया। साथ ही सभी थाना प्रभारी को पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में निर्धारित रूट चार्ट का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने जिला वासियों से अपील किया कि वे सोशल मीडिया में बिना पुष्टि किए कोई भी पोस्ट को शेयर न करें। उन्होंने पर्व के दौरान सोशल मीडिया में भ्रामक और अफवाह फैलाने वाले पोस्ट करने वाले लोगों की चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही।

## त्योहारों में आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी कीमत पर बख्शे नहीं जायेंगे : डीएसपी



**इटकी।** इटकी थाना प्रागंण में सोमवार को ईद,सरहूल और रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । जिसकी अध्यक्षता डीएसपी अशोक कुमार राम ने की। उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर कड़ी कारवाई की जायेगी। पुलिस प्रशासन की सोशल मिडिया पर कड़ी नजर रहेगी। लोगों को अफवाहों पर ध्यान नही देने की अपील की। सदस्यों ने त्योहारों के दौरान सीसी केमरा और ड्रोन से निगरानी का सुझाव दिया। वही अपराधिक प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर त्वरित कारवाई करने के साथ साफ सफाई, बिजली, पानी, चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई । इस दौरान शराब सहित अन्य मादक पदार्थों पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल और अधिकारी तैनात रहेंगे। सीओ मो० अनीश ने लोगों से भाई चारगी के साथ सभी त्योहारों को मनाने की अपील की है। बैठक में इन्सपेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय,सीओ मो० अनीश, थाना प्रभारी मनीष कुमार, उपप्रमुख परवेज आलम, केन्द्रीय हिन्दू जागरण संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, सरहूल पूजा समिति अध्यक्ष बीरा उरांव, पम्मू इकबाल, कृष्णा राम तिवारी, मुतेर्जा आलम, मो० मोइन, कमेश वर्म्मण, अंजुम जमाल, अमीन अंसारी, मुदीन मनसुरी सहित दर्जणों की संख्या गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने सदन में उठाया खलारी प्रखंड के क्षतिग्रस्त पुल का मामला

**कांके।** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खलारी प्रखंड की एक गंभीर जनसमस्या को प्रश्न के माध्यम से सोमवार को सदन में उठाया। विधायक ने कहा कि खलारी प्रखंड में चुरी कॉलोनी और राय दरहा टांड़ के समीप बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। विधायक ने कहा कि 10-12 वर्ष पूर्व बने इस पुल का इतना जल्द खराब हो जाना निश्चित तौर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से रांची को चतरा से जोड़ने वाली मुख्य सड़क का संपर्क प्रभावित हो गया है। स्थानीय प्रशासन ने भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है, जिससे आम जनता, व्यापारियों और क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि इस मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पुल का शीघ्र पुनर्निर्माण या तत्काल मरम्मत कराकर आवागमन को जल्द से जल्द सुचारु किया जाए।

## श्री श्री महावीर मंडल पिठोरिया ने रामनवमी की तैयारी पूरी की

**पिठोरिया।** श्री श्री महावीर मंडल पिठोरिया में रामनवमी का पर्व भव्य स्तर पर मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। अध्यक्ष कृष्णा नायक के अध्यक्षता में कार्यसमिति का विस्तार किया गया है। महामंत्री राम प्रसाद गोप, विकास मुंडा, राहुल गुप्ता, संदीप चौरसिया, बसंत चौरसिया, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश रजक, सह कोषाध्यक्ष उदय महतो, सचिव सिकन्दर नायक, सह सचिव संजय महतो रणधीर केसरी को बनाया गया है। वहीं श्री श्री महावीर मंडल द्वारा आयोजित इस वर्ष के कार्यक्रमों का निमंत्रण पत्र जारी कर दिया गया है। 26 मार्च से शुरू होने वाले इस तीन दिवसीय उत्सव में शोभा यात्रा, अस्त्र-शस्त्र चालन और पुरस्कार वितरण मुख्य आकर्षण होंगे। मंडल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, उत्सव का आगाज गुरुवार से होगा। 26 मार्च को शाम 7 बजे से 'महाअष्टमी झांकी शोभा यात्रा' निकाली जाएगी। यह यात्रा पिठोरिया चौक से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। 27 मार्च को दोपहर 2 बजे से 'महानवमी झंडा मिलन' और महाजुलूस निकाला जाएगा। श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर यह जुलूस ग्राम भ्रमण करेगा। इसके पश्चात पिठोरिया चौक पर अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन होगा। देर शाम बाजार टांड़ में झंडा मिलन समारोह और पुरस्कार वितरण किया जाएगा। 28 मार्च को अंतिम दिन विजय दशमी के अवसर पर दोपहर 1:00 बजे से अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। समिति ने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगिता में लाठी-डंडा और तलवार जैसे पारंपरिक खेलों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। शाम 8 बजे से पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित होगा।

# एसआईआर में नहीं छूटे एक भी मतदाता का नाम : रवि

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय संवाद कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की उपस्थिति और रनिया प्रखंड अध्यक्ष जोन कन्डुलना की अध्यक्षता में रनिया नगर भवन परिसर में बूथ लेवल एजेंट एवं पंचायत पदाधिकारियों की विशेष बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने सभी भी बीएलए को नियुक्ति पत्र जारी करते हुए सवांद कार्यक्रम में कहा कि एसआइआर में एक भी मतदाता का नाम नहीं छुटना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा को खत्म करने की साजिश रची जा रही है, इन बातों को तथ्य के साथ प्रखंड से आए पदाधिकारियों के समक्ष रखा गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध मनरेगा से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। मौके पर प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, मंडल अध्यक्ष रनिया राम सिंह अनमोल होरो, अजित मड़की अनुदित टोपनो सहित अन्य उपस्थित थे।

# गैस सिलेंडर की बुकिंग और वितरण में तिथि की बाध्यता खत्म हो : दिलीप

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मिश्रा ने एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग और वितरण में लागू 25 दिन (शहरी क्षेत्र) और 45 दिन (ग्रामीण क्षेत्र) की समय-सीमा समाप्त करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री को पत्र लिखकर जनहित में व्यवस्था में बदलाव करने का आग्रह किया है। पत्र में दिलीप मिश्रा ने कहा है कि वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद ही दोबारा गैस सिलेंडर बुक करने की अनुमति मिलती है। इससे खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि गांवों में अधिकतर संयुक्त परिवार रहते हैं, जिसके कारण गैस की खपत अधिक होती है और एक सिलेंडर 45 दिनों तक चल पाना कई परिवारों के लिए मुश्किल हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि शहरों में कई स्थानों पर गैस पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध है।

# खूंटी में 2027 की जनगणना के लिए अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**खूंटी।** देश की जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य को लेकर जिला प्रशासन ने सोमवार से प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त आर रॉनिटा ने किया। यह प्रशिक्षण 18 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, जनगणना निदेशालय के उप निदेशक, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने इस मौके पर अधिकारियों से कहा कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें करें और जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को जनगणना प्रक्रिया की जानकारी दी जाए, ताकि कोई भ्रम या जानकारी की कमी न रहे। प्रशिक्षण के दौरान उप निदेशक ने मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को उनके दायित्वों, सही और प्रमाणिक डाटा एकत्र करने, उसे समय पर निर्धारित प्रणाली में अपलोड करने और कार्यों की समय-सीमा के बारे में बताया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनगणना के महत्व और प्रक्रिया के बारे में प्रचार-प्रसार के माध्यम से आमजनों को जागरूक करें, ताकि जनगणना कार्य सुचारू और सफलतापूर्वक पूरा हो सके।

# श्रम विभाग की ओर से 17 ईंट भट्ठों की जांच, डीसी ने की समीक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** जिले में श्रम विभाग अब अवैध ईंट भट्ठों के खिलाफकार्रवाई कर रहा है। पिछले एक हफ्ते में 17 ईंट भट्ठों पर जांच अभियान चलाया गया। वहीं सोमवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने डीसी को विभाग की ओर से संचालित योजना और विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अब तक रामगढ़ जिले में कुल 17 ईंट भट्ठों पर छापेमारी की गई है। बाल श्रम के साथ मजदूरों के पारिश्रमिक भुगतान की जांच की जा रही है। इसे पूर्णतः खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। इसपर डीसी ने जिले के बचे हुए ईंट भट्ठों पर भी छापेमारी करने और श्रम संबंधित कानूनों का पालन करने का निर्देश दिया। इस दौरान श्रम अधीक्षक ने झारखंड असंगठित कर्मकार मृत्यु, दुर्घटना सहायता योजना, मातृत्व प्रसव सुविधा योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, मुख्यमंत्री असंगठित श्रमिक औजार सहायता योजना, विवाह सहायता योजना, निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान डीसी ने योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने और योग्य लाभुकों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं डीसी की ओर से कौशल विकास के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में श्रम अधीक्षक के अलावा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पतरातू चंदन कुमार राम और स्किल डेवलपमेंट से यूएनडीपी कुलदीप कुमार उपस्थित थे।

# सिल्ली कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली के कुरमाली विभाग के तत्वावधान में एमए सत्र 2023-25 के विद्यार्थियो के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन सत्र 2024- 26 के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कुरमाली कवी किंकर महतो एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नेट जेआरएफ के सफल एवं कॉलेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को कुरमाली किताब एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किंकर महतो ने कुरमाली भाषा के व्यापक प्रचार प्रसार एवं संस्कृति के संरक्षण के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। कुरमाली विभागाध्यक्ष सुबोध कांत महतो ने सभी छात्र-छात्राओं को लोक साहित्य से सीखने की प्रेरणा लेने समेत जिवन मे आगे बढ़ कर सफलता के सझाव देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर छात्र छात्राओं में उमा, जसना, प्रमिला, रूपाली, भाग्य कुमारी, उषा, अनिता, अनंत महतो, रोहित कुमार, अश्वनी कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए एवं सांस्कृतिक गीत की प्रस्तुति भी दी।

# झारखंड में बढ़ी गर्मी, कई जिलों में तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री अधिक

**20 मार्च तक बारिश-तेज हवाओं का येलो अलर्ट**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में मार्च महीने में ही गर्मी का असर तेज होने लगा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी का प्रभाव और अधिक महसूस किया जाएगा। मौसम विभाग की ओर से यह भी बताया गया कि राज्य में मौसम का मिजाज अगले कुछ दिनों तक बदलता रहेगा। बीच-बीच में बारिश और तेज हवाओं के कारण तापमान में अस्थायी गिरावट देखने को मिल सकती है। विभाग ने सोमवार को बताया कि राज्य के कई जिलों में 20 मार्च तक गर्जन के साथ हल्की बारिश होने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसे देखते हुए विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले तीन से चार दिनों के दौरान राजधानी रांची सहित राज्य के कई इलाकों में मौसम में बदलाव देखने को मिला है। इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आई है, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 17.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और मध्यम गति से हवाएं चलती रहीं। रांची में सोमवार को अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम 20.4 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में अधिकतम 38.7 डिग्री और न्यूनतम 20.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 37.5 डिग्री और न्यूनतम 18.2 डिग्री, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री और न्यूनतम 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि बदलते मौसम को देखते हुए सावधानी बरतें और तेज हवाओं तथा आंधी-बारिश के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें।

# एयर एंबुलेंस दुर्घटना की जांच कर दोषियों पर हो कार्रवाई : आजसू

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** चतरा में हुए एयर एंबुलेंस के दुर्घटना के मामले में आजसू पार्टी के रांची जिला के उपाध्यक्ष डॉ पारितोष के नेतृत्व में पार्टी के चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से लोक भवन में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से एयर एंबुलेंस के दुर्घटना की उच्चस्तरीय और स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की। मौके पर पार्टी के नेताओं ने बताया कि एयर एंबुलेंस में कोई ब्लैक बॉक्स नहीं था। ऐसे में सवाल उठता है कि बगैर ब्लैक बॉक्स के विमान के उडान की अनुमति कैसे मिली।

पार्टी ने राज्यपाल को बताया कि दुर्घटना में सदर अस्पताल के प्रतिभावान डॉक्टर, डॉ विकास गुप्ता की भी मौत हो गई। डॉ गुप्ता अपने पीछे पत्नी और छह वर्षीय पुत्र को छोड गए हैं। ऐसे में राज्य सरकार को बालक के शिक्षा-दीक्षा और संरक्षण राज्य सरकार की ओर से करने की मांग की गई। पार्टी की ओर से



मामले में जिन बिंदुओं के जांच की मांग की गई है उनमें दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच के अलावा, विमान में ब्लैक बॉक्स के नहीं रहने के संबंध में स्पाष्ट जांच कराने, मौसम की चेतावनी के बावजूद विमान को टेकऑफ की अनुमति देने के कारणों की जांच करने, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और दुर्घटना में मारे गए लोगों को उचित मुआवजा देना शामिल है।

## संक्षिप्त

### संघ ने जेटेट परीक्षा जल्द लेने के लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड प्रशिक्षित शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा 9 वर्षों से लंबित झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के शीघ्र आयोजन की मांग को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने बताया कि राज्य के लाखों प्रशिक्षित शिक्षक अभ्यर्थी पिछले लगभग 09 वर्षों से जेटेट परीक्षा के आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। लंबे समय से परीक्षा आयोजित नहीं होने के कारण अभ्यर्थियों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा है और राज्य में शिक्षकों की कमी भी लगातार बनी हुई है, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कुमार, रवींद्र पासवान, मनीष चंद्रा, हरिकेश महतो, राकेश रजक, संजय रजक, संतोष कुमार, दुर्गेश चंद्रवंशी, हेमंत पाठक सहित अन्य ने कहा कि यदि जल्द ही परीक्षा आयोजन को लेकर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो अभ्यर्थी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगे।

### 22 मार्च को श्री बेरीवाली माता का महामंगल महिमा पाठ व भजन संध्या

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम, श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 22 मार्च को श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री बेरीवाली माता का महामंगल महिमा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन विद्या देवी एवं उनके परिवार द्वारा किया जा रहा है, जिसे लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इस अवसर पर माता का भव्य श्रृंगार किया जाएगा तथा देवी ज्योत का आवाह्न होगा। साथ ही मेहंदी उत्सव, चुनरी उत्सव और गजरा उत्सव जैसे धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे। मंगल पाठ वाचिका एवं भजन गायिका मधु केडिया द्वारा महामंगल महिमा पाठ और भजन प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में माता को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा और श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा। संयोजक राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होकर माता का आशीर्वाद लेने की अपील की है। यह जानकारी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

# टिकाऊ उत्पादन एवं आय के लिए कृषि का विविधीकरण जरूरी : राज्यपाल

## बीएयू में तीनदिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का समापन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किसानों का जोखिम कम करने तथा टिकाऊ उत्पादन एवं आय के लिए कृषि पद्धति में पशुपालन, बागवानी, मुर्गीपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खीपालन और मशरूम उत्पादन को जोड़ते हुए कृषि के विविधीकरण पर बल दिया है क उन्होंने कहा की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के मामले में झारखण्ड आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ बागवानी फसलों का निर्यातक भी बने, इसके लिए वैज्ञानिकों को तकनीकी ज्ञान के प्रसार के लिए ज्यादा लगन और निष्ठा से काम करना होगा।

राज्यपाल बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीनदिवसीय एग्रोटेक किसान मेला के समापन समारोह को सोमवार को संबोधित कर रहे थे कउन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों और छात्रों को प्रयोगशाला से निकलकर समय-समय पर किसानों के खेत में भी जाना होगा तभी धरातल पर अपेक्षित परिणाम मिलेंगे क



राज्यपाल ने समुचित पोषण के लिए मडुआ, ज्वर, बाजरा जैसे मिलेट्स तथा सहजन के फल और पत्ते को नियमित आहार में शामिल करने की जरुरत बताई क उन्होंने कहा की राज्य सरकार को ऐसा मेला जिला एवं प्रखंड स्तर पर भी आयोजित करना चाहिए ताकि दूर-दराज के क्षेत्रों तक भी नयी प्रौद्योगिकी की रौशनी पहुँच सके।

भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ सुजय रक्षित ने किसानों की उत्पादकता एवं आय बढाने के लिए झारखण्ड में स्थित आधा दर्जन आइसीएआर संस्थानों द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर प्रयास डाला क मंच पर राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी भी उपस्थित थे।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने स्वागत भाषण करते हुए विश्वविद्यालयकी उपलब्धियों तथा मेला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने नवोन्मेषी कृषि में विशिष्ट योगदान के लिए छह प्रगतिशील किसानों- रविन्द्र महतो एवं उमेश कुमार महतो (धनबाद), कल्याण कुमार एवं सतीश देवगम (सराइकेला-खरसावां), सजल सहाय (रांची) तथा दिलीप बड़ाइक (जारी, गुमला) को सम्मानित किया क उन्होंने टिकाऊ कृषि हेतु जलवायु अनुकूल तकनीकी नवाचार विषय पर प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण भी किया।

तीन दिवसीय उद्यान प्रदर्शनी में भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान (आइआइएलएम), कांके को सात प्रथम पुरस्कार सहित सर्वाधिक कुल 18 पुरस्कार प्राप्त हुए क धनबाद के नरेश कुमार महतो ने पांच प्रथम पुरस्कार सहित कुल 12 पुरस्कार प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया क होचर, कांके के राम कुमार साहू 8 पुरस्कार के साथ तृतीय स्थान पर रहे क फल, फूल, सब्जी, मसालों, सजावटी, औषधीय एवं सगंधीय पौधों तथा बागवानी फसलों के प्रसंस्कृत पदार्थों से संबंधित इस प्रदर्शनी में 236 किसानों से कुल 1115 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। इसी प्रकार गुणवत्ता के आधार पर थीम पंडाल में पशु उत्पादन एवं प्रबंधन को प्रथम, फसल सुधार को द्वितीय तथा कृषि यंत्रीकरण, मूल्य संवर्धन एवं उर्जा प्रबंधन को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## झारखंड शराब घोटाला : नवीन केडिया की एसीबी कोर्ट में पेशी, जेल भेजने का आदेश

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला मामले के आरोपित और छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी नवीन केडिया को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोमवार को एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। एसीबी की टीम ने केडिया की रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की, जिसके बाद अदालत ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया। दरअसल, झारखंड एसीबी की टीम ने बीते मंगलवार को नवीन केडिया को रांची से गिरफ्तार किया था। इसके बाद अदालत से 7 दिनों की रिमांड की मांग की गई थी, लेकिन अदालत ने केवल 5 दिनों की रिमांड मंजूर की थी, जो सोमवार को समाप्त हो गई। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद नवीन केडिया को व्हीलचेयर पर अदालत में पेश किया गया। अस्वस्थ होने के कारण वह रांची में रिम्स में भर्ती हैं। उसके वकीलों ने खराब स्वास्थ्य को देखते हुए जेल की बजाय रिम्स में ही रखने की मांग की थी। एसीबी के विशेष न्यायाधीश ने रिम्स की मेडिकल रिपोर्ट का अवलोकन किया, जबकि केस के अनुसंधानकर्ता ने स्वास्थ्य के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी। नवीन केडिया ने बताया था कि उन्हें चेस्ट पेन की समस्या है। उल्लेखनीय है कि रांची की एसीबी अदालत और झारखंड उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद नवीन केडिया ने रांची में एसीबी के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। उन पर पूर्व उत्पाद नीति के दौरान झारखंड में निम्न गुणवत्ता वाली देसी शराब की आपूर्ति करने का आरोप है।

## ग्राम विकास समिति के गठन को चुनौती देने वाली पीआईएल उच्च न्यायालय से खारिज

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने गांवों में ग्राम विकास समिति और आदिवासी विकास समिति के गठन को चुनौती देने वाली सुनील उरांव की जनहित याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि इन समितियों का गठन पंचायतों की शक्तियों में कोई हस्तक्षेप नहीं करता और इसका उद्देश्य गांवों के विकास कार्यों में लोगों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि ग्राम विकास समिति का गठन ग्राम सभा की शक्तियों को कम नहीं करता। याचिकाकर्ता यह साबित नहीं कर पाए कि 13 मार्च 2018 का राज्य सरकार का प्रस्ताव कानून के विरुद्ध है। याचिकाकर्ता सुनील उरांव ने राज्य सरकार के 13 मार्च 2018 के प्रस्ताव को चुनौती दी थी, जिसके तहत हर गांव में ग्राम विकास समिति या आदिवासी विकास समिति बनाने का निर्णय लिया गया था। याचिका में कहा गया था कि यह कदम झारखंड पंचायत राज एक्ट, 2001 और भारत के संविधान के आर्टिकल 243जी के विपरीत है, क्योंकि ग्राम पंचायत और ग्राम सभा पहले से ही गांव के विकास कार्यों के लिए अधिकृत हैं। राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि इन समितियों का उद्देश्य स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना है। समिति केवल पांच लाख रुपये तक के छोटे विकास कार्य कर सकती है और यह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के प्रशासनिक व वित्तीय नियंत्रण में काम करती है, जिससे पंचायत की शक्तियों पर कोई असर नहीं पड़ता।

## रामचरितमानस का अमृत सार जीवन को देता है दिशा : संगीत माधव दास

**रांची।** हरे कृष्ण सत्संग ग्रुप, हरे कृष्ण मार्ग लक्ष्मीनगर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा में मंगलवार को रामचरितमानस की महिमा पर विस्तृत प्रवचन हुआ। कथा वाचक वृंदावन के 82 वर्षीय संत संगीत माधव दास ने कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की कला सिखाने वाला अनुपम साहित्य है। उन्होंने कहा कि संवत 1631 में गोस्वामी तुलसीदास ने काशी के गंगा तट पर इसकी रचना की थी। रामचरितमानस का पठन-पाठन झोपड़ी से लेकर महल में रहने वाले हर व्यक्ति के जीवन को आलोकित करता है। इसके अमृत सार का नियमित अध्ययन मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और यह लोगों के लिए कंठहार के समान बन जाता है। संगीत माधव दास ने भगवान राम के नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कई चौपाइयों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम ही सबसे बड़ा सहारा है, जो मनुष्य के जीवन की कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति रखता है। उन्होंने कहा— राम एक तापस तिय तारी। नाम कोटि खल कुमति सुधारी॥ राम भालु कपि कटक बटोरा। सेतु हेतु श्रम कीन्ह न थोरा॥ नाम लेत भव सिंधु सुखाहीं। करहु विचारु सुजन मन माहीं॥ इन चौपाइयों के माध्यम से उन्होंने बताया कि भगवान राम का नाम ही वह शक्ति है जो मनुष्य को जीवन के भवसागर से पार लगाने का मार्ग दिखाती है।



# वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी का निधन रतन लाल अग्रवाल ने जताया शोक

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को अत्यंत दुखद सूचना आई। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी का राजधानी रांची के कोकर स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। भाजपा के सक्रिय सदस्य रतन लाल अग्रवाल ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। साथ ही बताया है कि, उन्होंने ऐसे अपने प्रिय दोस्त को खो दिया, जो उनके साथ स्टेंसिल से भारतीय जनता पार्टी का झंडा छापता था। उन्होंने इसे अपनी और पार्टी की व्यक्तिगत क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही इस दुख की घड़ी में



परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही।

बता दें कि, प्रवीण लंबे समय तक रांची से प्रकाशित दैनिक जागरण से जुड़े रहे। प्रवीण लीवर की बीमारी से पीड़ित थे। वह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार कल मंगलवार को होगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें।

# रांची में मारवाड़ी महिला मंच का 18वां बसंत मेला आज से

## महापौर रोशनी खलखो करेंगी उद्घाटन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच, रांची शाखा की ओर से 18वां बसंत मेला 17 मार्च से 19 मार्च तक महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है। मेले की संयोजिका अनुसूया नेवटिया और सह संयोजिका अलका सरावगी ने सोमवार को संयुक्त प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेले की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मेले का उद्घाटन मेयर रौशनी खलखो 17 मार्च को करेंगी। मेले का प्रवेश शुल्क 10 रुपये है और यह सुबह 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक खुला रहेगा।



उद्घाटन अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, पूर्व प्रादेशिक अध्यक्ष रूपा अग्रवाल, मंजू लोहिया, मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा, शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, शाखा सचिव उर्मिला पाड़िया, शाखा कोषाध्यक्ष शशी डागा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रहेगी। संयोजकों ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य समाज की ऐसी महिलाओं को एक मंच पर लाना है, जो आत्मनिर्भर बनने के लिए काम कर रही हैं। मेले में कुल 45 स्टॉल लगाए गए हैं और हर स्टॉल का आवंटन पूरा हो चुका है। इन स्टॉलों पर महिलाएं अपने हस्तशिल्प उत्पाद, सजावटी सामान, श्रृंगार सामग्री, कलात्मक बेडशीट, टेबल कवर आदि प्रदर्शित करेंगी।

# बीआईटी मेसरा का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव 19 से

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी, मेसरा अपने वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव के 35वें संस्करण का आयोजन 19 से 22 मार्च 2026 तक मेसरा परिसर में करेगा। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र भाग लेंगे। संगीत, नृत्य, नाटक, साहित्य, प्रश्नोत्तरी, खेल प्रतियोगिताओं तथा रचनात्मक कलाओं से जुड़ी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक शाम विशेष मंचीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम की शुरूआत उद्घाटन समारोह से होगी, जिसके बाद 19 मार्च को हेरिटेज नाइट आयोजित की जाएगी। 20 मार्च को मेलोडी नाइट में माही प्रस्तुति देंगे। 21 मार्च को बैंड नाइट में वेव्स इन टाउन बैंड की प्रस्तुति होगी। वहीं 22 मार्च को समापन दिवस पर प्रो नाइट में प्रसिद्ध गायक अरमान मलिक की प्रस्तुति आयोजित की जाएगी।

बिटोत्सव 2026 के दौरान पांच प्रमुख प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। इनमें बिट गॉट टैलेंट, मिस्टर एवं मिस बिटोत्सव, बैंड प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता और अभिनय प्रतियोगिता शामिल हैं। इन प्रमुख प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विशेष उपहार प्रदान किए जाएंगे। इनके अलावा कार्यक्रम में साहित्य और संचार से जुड़ी कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जैसे स्लैम पोयट्री, एन्चेसेंट, पनाश और लॉस्ट इन ट्रांसलेशन। ये प्रतियोगिताएँ प्रतिभागियों को कहानी कहने, बहस करने और भाषा आधारित प्रस्तुतियाँ देने के लिए मंच प्रदान करती हैं। इसके साथ ही ज्ञान आधारित प्रतियोगिताएं जैसे बिटोत्सव क्विज और ब्रेन लीप भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें प्रतिभागियों की सामान्य जानकारी और विश्लेषणात्मक सोच की परीक्षा ली जाएगी। इस उत्सव में गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स से जुड़ी प्रतियोगिताएं भी शामिल होंगी, जैसे बीजीएमआई, जीटीए और फीफा। इसके अलावा कई इंटरएक्टिव चुनौती आधारित प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जाएंगी, जैसे ब्रिज द गैप, एस्केप रूम, द बॉटलनेक, स्प्लिट सॉल्व, माइंड ऑन द पिच और आस्क जीपीटी। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रतिभागियों की समस्या-समाधान क्षमता, टीमवर्क और रचनात्मक सोच को विकसित करना है।

# हनुमान नगर में धर्म ध्वजा फहराकर रुद्र महायज्ञ का आगाज

**पूर्व पार्षद अर्जुन यादव ने थामा सेवा का संकल्प**

**महायज्ञ की पूर्व संध्या पर गूंजा महादेव का जयकारा, सैकड़ों भक्तों संग पूर्व पार्षद ने किया नगर भ्रमण**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** लालपुर के हनुमान नगर (फ्रेंड्स कॉलोनी) स्थित नव निर्मित शिव मंदिर परिसर में सोमवार की सुबह भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री महाकाल महावीर मन्दिर समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने वाले आगामी श्रीश्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान की औपचारिक शुरूआत भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ हुई। सोमवार की सुबह 06:30 बजे



वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धर्म ध्वजा स्थापित की गई, जिसने समूचे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

**तन-मन-धन से सेवा का लिया संकल्प**

इस पावन अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने सैकड़ों भक्तों के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए उन्होंने मंदिर के विकास और महायज्ञ की सफलता के लिए अपनी कटिबद्धता दोहराई। श्री यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं इस पुनीत कार्य में तन-मन-धन से समर्पित हूं। यह मंदिर हमारे क्षेत्र की एकता और अटूट आस्था का प्रतीक बनेगा।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उनकी पत्नी स्थानीय वार्ड पार्षद के रूप में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और इस धार्मिक आयोजन में उनके पूरे परिवार की सक्रियता ने भक्तों का उत्साह बढ़ा दिया है।

### 11 अप्रैल को होगा भव्य प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान

**विद्वान** पुरोहितों की देखरेख में आयोजित इस ध्वजारोहण के साथ ही आगामी 11 अप्रैल 2026 को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। ट्रस्ट ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी भक्तों को इस महाकुंभ से जुड़ने का आह्वान किया है। आयोजन समिति ने अपील की है कि सभी शिव भक्त इस अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य के भागी बनें।

# सीएमपीडीआई ने 80 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआई ने आज सेंट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) में सीएमपीडीआई की सीएसआर पहल के अंतर्गत चार माह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्णक पूर्ण करने वाले 80 प्रशिक्षणार्थियों को कोर्स पूर्णता प्रमाण-पत्र वितरित किए। यह पहल प्लास्टिक प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज से संबंधित तकनीकी कौशल प्रदान कर रोजगार योग्यता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य की पूर्ति करने की दिशा में एक कदम है। इस पहल के तहत 80 प्रशिक्षणार्थियों ने मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग (एमओ-पीपी) और मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग (एमओ-आईएम) जैसे आधुनिक औद्योगिक प्रक्रियाओं में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्राप्त किया और ये सभी अभ्यर्थी देश भर के विभिन्न प्लास्टिक उद्योगों में नियोजन के पात्र होंगे।




सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) डॉ शिशिर दत्ता ने कोर्स पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सिपेट के निदेशक एवं प्रमुख अवनीत कुमार जोशी सहित सीएमपीडीआई और सिपेट के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# चाईबासा सहेली का अधिष्ठापन समारोह भव्य रूप से संपन्न

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चाईबासा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा तथा जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा सहेली का अधिष्ठापन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चाईबासा नगर परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष नितिन प्रकाश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष श्री विकास शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शीतल बागे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन तथा सामूहिक जायंट्स प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के यूनिट डायरेक्टर एवं इंस्टॉलेशन ऑफिसर टी.एस.एस. राव ने जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा तथा जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा सहेली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा के अध्यक्ष के रूप में श्री सत्येन्द्र कुमार ने शपथ ग्रहण किया, जबकि जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा सहेली की अध्यक्ष मंजरी पसारी ने पुनः संस्था की बागडोर संभाली। इस अवसर पर डेविड हेम्ब्रम ने जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में जायंट्स की ओर से नगर परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को मेमेन्टो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य सामाजिक संस्थाओं से आए प्रतिनिधियों ने भी उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा की आधिकारिक वेबसाइट का विमोचन मुख्य अतिथि श्री नितिन प्रकाश द्वारा किया गया। इस वेबसाइट के माध्यम से संस्था की विभिन्न सेवा गतिविधियों, कार्यक्रमों, सामाजिक अभियानों तथा आगामी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक आसानी से पहुँच सकेगी। वेबसाइट में संस्था के इतिहास, उद्देश्य, सदस्यता से जुड़ी जानकारी, फोटो गैलरी तथा जायंट्स द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों को भी शामिल किया गया है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस डिजिटल पहल से जायंट्स के सेवा कार्यों को व्यापक पहचान मिलेगी तथा युवा पीढ़ी को भी संस्था से जुड़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ चाईबासा के संस्थापक तथा फेडरेशन-8 के पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा ने नगर परिषद अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि जायंट्स पिछले कई वर्षों से शहर के ठेला-खोमचा व्यवसायियों को स्वच्छता एवं हाइजीन बनाए रखने के लिए जागरूक कर रहा है। उन्हें समय-समय पर एप्रन, ग्लव्स और कैप भी उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन प्रशासनिक निगरानी के अभाव में यह व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पा रही है।




# गोइलकेरा के प्लस-2 प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय झीलरूवां को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा देने की मांग

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चाईबासा।** विधायक जगत माझी ने गोइलकेरा प्रखंड के प्लस-2 प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय झीलरूवां को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा देने की मांग की है। सोमवार को विधायक ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से मांग करते हुए कहा गोईलकेरा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में प्लस-2 प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय झीलरूवां को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा देने से वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो पायेगा। जिसपर विभागीय मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयों में झीलरूवां प्लस-2 स्कूल, गोईलकेरा भी शामिल है, जिसमें गुणवत्त शिक्षा प्रदान करने के निमित्त आइसीटी, स्मार्ट क्लास, साइंस लैब, वोकेशनल लैब, लाइब्रेरी आदि की सुविधा विद्यालय में उपलब्ध करायी गयी है। साथ ही मंत्री ने बताया कि राज्य में 80 जिला स्तरीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय घोषित किया गया है, जिसके अन्तर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिला में कुल 4 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय संचालित है। तत्काल द्वितीय चरण में राज्य में 100 प्रखण्ड स्तरीय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्कूलों को विकसित किया जा रहा है।




## संक्षिप्त

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की सड़क हादसे में मौत

**बोकारो।** बोकारो जिले के सिटी क्षेत्र के उकरीद मोड़ के पास सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान शीला देवी (48) के रूप में हुई है, जो एलएच मोड़ की रहने वाली थीं। बताया जा रहा है कि शीला देवी सुबह करीब 5:30 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान उकरीद मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना, पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिवार में पति आत्मा साव, दो बेटे और एक बेटी हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने उकरीद मोड़ के पास फोरलेन सड़क को जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम है।

### बोकारो में ट्रक-कार की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

**बोकारो।** बोकारो जिले के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा धनबादझबोकारो मुख्य मार्ग पर तेलमोचो पुल के समीप रविवार देर रात करीब ढाई बजे हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, विपरीत दिशा से आ रहे एक दस चक्का ट्रक और एक हुंडई क्रेटा कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के दो टायर घटनास्थल पर ही टूटकर अलग हो गए, जबकि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार सवार दो लोगों में से देवेंद्र कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार अजय कुमार तिवारी, जो बोकारो सेक्टर-9 ऑफिसर कॉलोनी के निवासी बताए जा रहे हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गैस आपूर्ति को लेकर डीसी ने की बैठक कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**जिले में घरेलू रसोई गैस की पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध**

**अनावश्यक रूप से गैस बुकिंग करने की जरूरत नहीं**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर सामने आयी शिकायतों और उपभोक्ताओं की परेशानियों के बीच सोमवार को उपायुक्त समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में बैठक की। इसमें पलामू के विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संग रसोई गैस के निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर निर्देश दिए।

सर्वप्रथम डीसी ने विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों से उनके यहां उपलब्ध सिलिंडर, आगामी दिनों में प्राप्त होने वाले गैस सिलिंडर की जानकरी ली। कुछ गैस एजेंसियों द्वारा डीसी को बताया गया कि उनके पास पूर्व की तरह ही सिलिंडर की आपूर्ति की जा रही है। हालांकि विगत कुछ दिनों से उपभोक्ताओं द्वारा अचानक बड़ी संख्या में बुकिंग आने से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर डीसी ने गैस की सप्लाई करने में होस्टल, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं हॉस्पिटल को प्राथमिकता देने पर बल दिया। बैठक में डीसी ने सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों से कहा कि घरेलू गैस आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे में आती है। ऐसे में इसकी कालाबाजारी करने पर अधिनियम के तहत सख्त करवाई की जायेगी। डीसी ने कहा कि गैस सिलेंडरों में टैम्परिंग करने की शिकायत पर भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने गैस सिलेंडरों में टैम्परिंग और घरेलू सिलेंडर से गैस निकालकर व्यावसायिक सिलेंडरों में भरने की शिकायतों को गंभीर बताते हुए ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में उपायुक्त ने सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों से अपने निर्धारित क्षेत्रों में ही गैस की आपूर्ति करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अपने निर्धारित क्षेत्र से बाहर कार्य करने पर भी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे उन्होंने कहा कि सिर्फ निर्धारित दिन को ही एजेंसी बंद रखा जाये। एजेंसी के बाहर सार्वजनिक रूप से एजेंसी का संपर्क नंबर प्रदर्शित करने पर बल दिया। कई एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने डीसी को गैस वितरण के समय लगने वाले अनावश्यक भीड़ को रेखांकित करते हुई निराकरण की बात कही। इसपर डीसी ने कहा कि एक क्यूआरटी का गठन किया जा रहा है, जिसमें एमओ, एजेंसी के प्रतिनिधि व पुलिस के जवान रहेंगें। उन्होंने समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में स्थानीय थाना प्रभारी, एमओ व बीडीओ से संपर्क करने की बात कही। उपायुक्त समीरा एस ने पलामू वासियों से कहा है कि पूर्व की भांति विभिन्न गैस कंपनियों द्वारा जिले को रसोई गैस की खेप उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में आप सभी से अपील है कि घबराकर अनावश्यक रूप से गैस की बुकिंग करने से बचें।



### महिला समिति का तीन दिवसीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित



**गुवा।** गुवा क्षेत्र में महिला समिति की ओर से तीन दिवसीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं और युवतियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनमें आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ावा देना है। इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कल्याण नगर टीम और मेडिकल टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान में शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में कल्याण नगर टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए मेडिकल टीम को हराकर जीत हासिल की। कल्याण नगर टीम की इस जीत में खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम के हेड कोच अयान गुन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी देखरेख और मार्गदर्शन में टीम ने बेहतरीन रणनीति के साथ खेलते हुए पहला मैच अपने नाम किया। मैच के दौरान दर्शकों की भी अच्छी खासी भीड़ मौजूद रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों ने बताया कि इस तीन दिवसीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के माध्यम से महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी इस तरह के खेल आयोजनों को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि क्षेत्र की प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे बढ़ सकें और अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकें।

### गुवा में रोजेदारों के लिए मस्जिद में कराया गया इफ्तार, गुमनाम दानदाता ने की व्यवस्था



**गुवा।** गुवा क्षेत्र में रमजान के पवित्र महीने के दौरान रोजेदारों के लिए गुवा के मस्जिद में विशेष रूप से इफ्तार का आयोजन किया गया। इस इफ्तार कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि इफ्तार की पूरी व्यवस्था कराने वाले व्यक्ति ने अपना नाम गुप्त रखने की इच्छा जताई। स्थानीय लोगों के अनुसार गुवा में इस तरह का आयोजन पहली बार देखने को मिला है, जब किसी ने बिना नाम बताए रोजेदारों के लिए इतने अच्छे तरीके से इफ्तार की व्यवस्था कराई। मस्जिद में रोजा खोलने के लिए आए सभी रोजेदारों के लिए खजूर, फल, शरबत, पकौड़े सहित कई प्रकार के व्यंजनों की अच्छी व्यवस्था की गई थी। रोजेदारों ने समय पर नमाज अदा करने के बाद एक साथ बैठकर इफ्तार किया। इस दौरान मस्जिद का माहौल काफी भाईचारे और आपसी प्रेम से भरा हुआ दिखाई दिया। लोगों ने बताया कि इफ्तार के लिए बैठने, पानी और खाने-पीने की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे किसी भी रोजेदार को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। रोजेदारों ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और भाईचारा मजबूत होता है।हालांकि इफ्तार कराने वाले व्यक्ति ने अपना नाम सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन उनकी इस पहल की हर कोई प्रशंसा कर रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसे नेक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं और इससे जरूरतमंद लोगों को भी मदद मिलती है।मस्जिद में उपस्थित लोगों ने इफ्तार के बाद देश और समाज की खुशहाली के लिए दुआ भी की। वहीं स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी इस तरह के सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम होते रहेंगे, जिससे समाज में आपसी सहयोग और सद्भावना बनी रहेगी।

# पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के कार्यालय में अभिनन्दन समारोह आयोजित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चाईबासा।** चाईबासा के बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम परिसर में पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के द्वारा नवनिर्वाचित चाईबासा नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश के सम्मान में अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। गवार्नुभूति के साथ ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं उपस्थित खिलाड़ियों द्वारा अध्यक्ष नितिन प्रकाश को शॉल एवं गुलदस्ता देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नवनिर्वाचित चाईबासा नगर परिषद उपाध्यक्ष विकास शर्मा एवं एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारी सह चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद सीताराम तैसुम उर्फ प्रीतम का भी अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। ज्ञात हो कि प्रकाश पश्चिमी सिंहभूम एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। इस समारोह का संचालन जहां एसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार नायक ने किया।



## गृह रक्षा वाहिनी बहाली परीक्षा की तैयारियां पूरी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला।** खरसावाँ जिला में गृह रक्षा वाहिनी के लिए आयोजित होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारियां पूरी हो गई हैं। उपायुक्त नीतिश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत ने बिरसा मुंडा स्टेडियम में तैयारियों का जायजा लिया। 17 मार्च से शुरू होगी परीक्षा 17 मार्च 2026 से बिरसा मुंडा स्टेडियम में शारीरिक दक्षता परीक्षा और लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त परीक्षा केंद्र में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। अभ्यर्थियों के पंजीकरण, परीक्षण और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित डेटा एंट्री और अभिलेख संधारण शून्य त्रुटि के साथ किया जाएगा। परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष उपायुक्त ने निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई जाए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# पुराने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन

**19 मार्च को तांतनगर बाजार में जुलूस निकालकर निदोर्षों को रिहा करने का मांग किया जायेगा**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चाईबासा।** सोमबार को पुराना पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुराने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष 20 फरवरी को झूठा रेप केस में फंसाकर गोपीनाथ बिरुवा, कृष्णा बिरुवा और गुरा बिरुवा जेल में बंद आरोपियों की रिहाई के लिए नंदनी बिरुवा ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन किया गया. धरना प्रदर्शन में आरोपी के मां ने कहा कि घटना में भारती बिरुवा और लव कुमार बिरुवा रात में 11 बजे करीब गलत करते हुए पकड़ाया गया था जिसमें हमारे बच्चों ने देख लिया और अपना छोटा भाई समझ कर डांट फटकार करते हुए भगा दिया लेकिन लव कुमार बिरुवा अपना गलती गांव में बदनामी से बचने के लिए झूठा हमारे दोनों बच्चों को आरोप लगाने का काम किया. क्योंकि हमारे बच्चे पढ़ाई करके नौकरी करने का सपना देखते थे. इसलिए जांच पड़ताल कर हमारे बच्चों को रिहा करने का पुलिस अधीक्षक से मांग किया गया.मजदूर नेता जॉन मिरन मुंडा ने समर्थन करते हुए कहा कि आदिवासी में रेप केस का घटना बढ़ते जा रहा है जो हो समाज के लिए कलंक है लेकिन सच बात यह है कि आदिवासी में बलात्कार जैसे घटना नहीं है यहां युवा वर्ग आपसी सहमति से संबंध बनाते हैं लेकिन जब इसका जानकारी परिवार वालों को होती है तो थाना में केस दर्ज किया जाता है जबकि हमारा परम्परा में उन्हें शादी करा दिया जाता है। वर्तमान में झूठा केस कराकर फसाने का काम भी हो रहा है जिसपर सही जांच पड़ताल कर ही आरोपी को जेल भेजना चाहिए लेकिन ऐसा गरीबों के साथ नहीं होता है. जब कोई बड़े लोग रेप केस में फंसता है तो अच्छी तरह से जांच पड़ताल किया जाता है उसके बाद ही जेल भेजने का काम होता है लेकिन गरीबों को सीधा जेल भेजा जाता है. ऐसे में अगर कोई निर्दोष जेल चला जाता है तो क्या प्रशासन समाज में उसके इज्जत लौटा सकता है।



# सारंडा में तेज बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित, सड़कों पर बिछी सफेद चादर

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

गुवा। सारंडा के पहाड़ी क्षेत्र में शनिवार 15 मार्च की रात अचानक बदले मौसम ने लोगों को हैरान कर दिया। रात करीब 8 बजे से शुरू हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किरीबुरू और मेघाहातुबुरू शहर में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। करीब 20 मिनट तक लगातार हुई ओलावृष्टि के कारण शहर के कई इलाकों में सड़कों, मैदानों और खुले स्थानों पर बर्फ की परत जैसी स्थिति बन गई। ओलों की इतनी अधिक मात्रा थी कि कुछ देर के लिए पूरा इलाका सफेद चादर से ढका हुआ नजर आने लगा। लगातार गिरते ओलों के कारण शहर के चारों ओर सड़कों, मैदानों और घरों के आसपास बर्फ के टुकड़े बिखरे पड़े रहे। ओलों की मार से पेड़-पौधों के पत्ते झड़ गए और कई स्थानों पर छोटे पौधों को भी नुकसान पहुंचा। तेज ओलावृष्टि की वजह से वाहनों, घरों की एस्बेस्टस शीट और खुले में बंधे पशुओं को भी क्षति पहुंचने की सूचना है। वहीं तेज बारिश के कारण कई घरों की छतों से पानी रिसकर अंदर घुस गया, जिससे लोगों के बिस्तर, कपड़े और घरेलू सामान भी भीगकर खराब हो गए। अचानक आई इस मौसम की मार से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। ओलावृष्टि का सबसे ज्यादा असर फलदार पेड़ों पर पड़ा है। आम और लीची के पेड़ों में इस समय आए टिकोला और मंजर ओलों की मार से बड़ी मात्रा में गिर गए। इससे स्थानीय किसानों और घरों में लगे फलों के पेड़ों को काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस तेज बारिश से एक राहत की खबर भी सामने आई है। पिछले कुछ दिनों से सारंडा के जंगलों में कई जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आ रही थीं। इस वर्षा ने जंगलों में लगी आग को काफी हद तक शांत करने में मदद की है, जिससे वन क्षेत्र को राहत मिली है। ओलावृष्टि और तेज बारिश के दौरान किसी भी संभावित दुर्घटना से बचने के लिए शहर की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बंद कर दी गई थी। बाद में मौसम सामान्य होने के बाद बिजली व्यवस्था को बहाल कर दिया गया।



# मां वन देवी मंदिर में चैती दुर्गा पूजा को लेकर कलश स्थापना 19 मार्च को

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गुवा।** गुवा से मनोहरपुर जाने वाले मार्ग पर नुईया गांव से लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित मां वन देवी मंदिर में आगामी 19 मार्च को चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर कलश स्थापना की जाएगी। यह जानकारी मां दुर्गा वन देवी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गंगा सिद्धू ने दी। उन्होंने बताया कि चैती नवरात्र के दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 27 मार्च को नवरात्रि के अवसर पर नौ कन्याओं का पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी तथा पुरुषों के बीच गमछा वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। मंदिर कमेटी ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना करने की अपील की है। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गंगा सिद्धू, उपाध्यक्ष साधु चरण सिद्धू, सरिता सिद्धू, बुधराम होनहांगा, भीम होनहांगा, सोमवारी हेस्सा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।



# साइकिल दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** बिस्टुपुर थाना क्षेत्र के व्यस्त बिष्टुपुर बाजार में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भारत साइकिल कंपनी नामक दुकान में अचानक आग लग गई। घटना के समय बाजार में काफी संख्या में लोग मौजूद थे, जिससे कुछ देर के लिए इलाके में हड़कंप की स्थिति बन गई। मिली जानकारी के अनुसार दुकान के अंदर शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी, जिसके बाद देखते ही देखते दुकान के अंदर धुआं भर गया और आग तेजी से फैलने लगी। ुकान से धुआं निकलता देख आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच घटना की सूचना टाटा स्टील फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही टाटा स्टील की तीन अग्निशमन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के कारण दुकान के अंदर रखी कई साइकिलें, स्पेयर पार्ट्स और अन्य सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक लाखों रुपये के सामान के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आग पर समय रहते काबू पा लेने के कारण आसपास की अन्य दुकानों को बड़ी क्षति से बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर बिष्टुपुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस और दमकल विभाग की टीम की ओर से आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। वहीं दुकान मालिक और आसपास के दुकानदारों ने बताया कि यदि आग थोड़ी देर और फैल जाती तो बाजार में बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि इलाके में कई दुकानों में ज्वलनशील सामान रखा रहता है। फिलहाल घटना के बाद बाजार क्षेत्र में स्थिति सामान्य हो गई है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# चौपारण में रामनवमी से पहले अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**थाना क्षेत्र के भगहर पहाड़ी से छापेमारी में ट्रैक्टर समेत भारी मात्रा में सामग्री जब्त**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चौपारण (हजारीबाग)।** रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। पर्व के दौरान अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर उत्पाद विभाग द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत चौपारण क्षेत्र के ग्राम भगहर स्थित पहाड़ी के समीप उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब से जुड़ी बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है।
बताया जाता है कि उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि भगहर पहाड़ी के आसपास अवैध रूप से शराब बनाने और उसे बाजार में खपाने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर सहायक आयुक्त उत्पाद के दिशा-निर्देश पर टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर वाहन के साथ अवैध स्पिरिट, तैयार विदेशी शराब तथा शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जब्त की गई। छापेमारी के दौरान मौके से बड़ी संख्या में खाली बोतलें, ढक्कन, रैपर और होलोग्राम भी बरामद किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार इन सामग्रियों का उपयोग अवैध रूप से शराब तैयार कर उसे विदेशी शराब के रूप में बाजार में बेचने के लिए किया जाता है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रामनवमी जैसे बड़े पर्व को देखते हुए जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध स्थानों पर लगातार नजर रखी जा रही है और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त

### उपाध्यक्ष अप्रत्यक्ष निर्वाचन के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू

**गढ़वा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत गढ़वा नगर परिषद् के उपाध्यक्ष पद के अप्रत्यक्ष निर्वाचन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। इसी क्रम में 17 मार्च को समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में मतदान प्रक्रिया आयोजित की जानी है। चुनाव के दौरान संभावित भीड़, समर्थकों की आवाजाही और विधि-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने समाहरणालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह प्रातः 9 बजे से अपराह्न 6 बजे तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

### उपायुक्त ने किया आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र का निरीक्षण



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने आज कोर्ट रोड स्थित आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आदर्श कुपोषण उपचार केंद्र का निरीक्षण किया। वर्तमान कुपोषण उपचार केंद्र के एक्सटेंशन में हो रहे कार्यों का जायजा लिया। साथ में शिशु गहन उपचार इकाई (पीआईसीयू), टीकाकरण केंद्र, मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट, प्रशिक्षण हॉल सहित अन्य का निरीक्षण किया। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद मौजूद थे।

### धनबाद पुलिस को मिले नए वाहन, उपायुक्त और एसएसपी ने दिखाई हरी झंडी

**धनबाद।** झारखंड सरकार की ओर से राज्य में विधि व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सभी जिलों की पुलिस को नए वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इसी क्रम में धनबाद पुलिस को भी 40 चार पहिया और 45 दो पहिया वाहन मिले हैं। जिसे सोमवार को विधिवत रूप से सभी थानों को सौंप दिया गया। सोमवार को धनबाद पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन सभी वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को जिले के विभिन्न थानों के लिए रवाना किया।

# पुलिस-अपराधी मुठभेड़ में प्रिंस खान गिरोह के तीन गुर्गे घायल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद जिले में सोमवार को पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ की बड़ी घटना सामने आई है। झरिया के भागाबांध ओपी क्षेत्र और जोड़ापोखर ओपी क्षेत्र के बॉर्डर इलाके में रांची और धनबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के तीन गुर्गे घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार के अनुसार रांची में हाल ही में एक होटल में हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में रांची पुलिस को सूचना मिली कि इस घटना में शामिल कुछ अपराधी धनबाद के झरिया इलाके में छिपे हुए हैं। इसके बाद रांची पुलिस धनबाद पहुंची और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया।
सूचना के आधार पर पुलिस की दो टीमों ने भागाबांध और जोड़ापोखर ओपी क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान छिपे हुए अपराधियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। क्रॉस फायरिंग के दौरान दो अपराधियों को पैर में गोली लग गई, जबकि तीसरा अपराधी भागने के दौरान गिरकर घायल हो गया और उसका पैर टूट गया। घायल अपराधियों की पहचान अमन सिंह उर्फ कुबेर, जो पलामू का रहने वाला बताया जा रहा है, जबकि विक्की डोम और अफजल उर्फ अमन धनबाद के निवासी हैं। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने तीनों घायलों को कब्जे में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं मौके से पुलिस ने हथियार, कई मोबाइल फोन और बम भी बरामद किए हैं। बरामद विस्फोटक और अन्य सामग्री की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि इस घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और प्रिंस खान गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

## अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं होने से भड़कीं प्रमुख




**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** जिले के बिशुनपुरा प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी ने अंचल क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने 16 मार्च को जारी पत्र में अंचलाधिकारी पर जनहित के कार्यों के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। प्रमुख ने कहा कि सामाजिक और आर्थिक न्याय के तहत प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक रोजगार का अधिकार है। सब्जी विक्रेता, ठेला-खोमचा संचालक, ऑटो चालक सहित सभी के लिए अनुकूल व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन अंचल प्रशासन इस दिशा में पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है। प्रमुख दीपा कुमारी ने कहा कि अब तक क्षेत्र की जनता धैर्य रखकर प्रशासन को कार्य करने का अवसर देती रही, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यदि 8 अप्रैल तक संबंधित कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई, तो 13 अप्रैल की शाम बिशुनपुरा बाजार में तिरंगा के साथ कैंडल मार्च निकालते हुए अंचलाधिकारी का पुतला दहन किया जाएगा।

## अंधेरे में जीने को मजबूर बियार टोली, विधायक से लगाई गुहार



**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय की अमहर खास पंचायत अंतर्गत पचौहुआ टोला स्थित बियार टोली में विकास के दावों की हकीकत सामने आई है। यहां वार्ड संख्या 10 में बसे करीब 30-35 घरों के सैकड़ों लोग आज भी बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। शाम ढलते ही पूरा टोला अंधेरे में डूब जाता है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे आज भी ढ्बिढबरी युगह्व में जीने को विवश हैं। बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। रात के समय जहरीले जीव-जंतुओं का डर बना रहता है। कई बार स्थानीय प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों ने भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा से समस्या के समाधान की गुहार लगाई। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधायक उनकी इस गंभीर समस्या पर ध्यान देंगे और शीघ्र बिजली की व्यवस्था कराएंगे।

## गुन्डीजोड़ा क्रेशर से कुमिरता गांव में भारी वाहनों के परिचालन के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध



**चाईबासा।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुमिरता में गुन्डीजोड़ा क्रेशर से जुड़े भारी वाहनों के ग्रामीण सड़क पर परिचालन के विरोध में ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन से शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार भारी वाहनों के आवागमन से गांव की संकरी सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है तथा लोगों के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इससे ग्रामीणों के जीवन और सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों के अनुरोध पर आज पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कुमिरता गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना तथा मौके की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि जब वे ग्रामीण सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन का विरोध करते हैं तो उन्हें प्रशासन की ओर से डराया-धमकाया जा रहा है और झूठे मुकदमों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों को डराना-धमकाना लोकतंत्र के विरुद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों पर लगाए गए झूठे मुकदमों को वापस लेने की मांग की और कहा कि ग्रामीणों के हक-अधिकार की रक्षा के लिए वे उनके साथ खड़े हैं। जरूरत पड़ने पर इस मुद्दे को लेकर आंदोलन भी किया जाएगा।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जरूरतमंद व वंचित बच्चों के लिए लर्निंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के पाण्डेयबारा स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जरूरतमंद, वंचित एवं अनाथ बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। यहां विशेष रूप से ऐसे बच्चों के लिए एक लर्निंग सेंटर की शुरूआत की गई, जहां फिलहाल 36 बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। इन बच्चों में कई अनाथ हैं, जबकि कुछ बच्चे हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित हैं। इस लर्निंग सेंटर का उद्घाटन स्माइल फॉर ऑल संस्था की मोहुआ चटर्जी द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौभिक चटर्जी के सहयोग से इस सामाजिक पहल की शुरूआत की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह के अवसर पर बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक चंदन कुमार, सोहन कुमार, खुशबू कुमारी, अंजली कुमारी,सब्बू परवीन,सना परवीन तथा प्रवीण कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौभिक चटर्जी ने मोहुआ चटर्जी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# एचपी गैस एजेंसी की मनमानी, इंतजार के बाद भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र में एचपी गैस एजेंसी की कथित मनमानी से उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। दर्जनों उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पहुंचे, लेकिन उन्हें गैस नहीं मिलने से निराश होकर लौटना पड़ा। मिली सूचना के अनुसार सुबह से ही कई ग्रामीण अपने गैस कार्ड और खाली सिलेंडर के साथ गोदाम पहुंचे थे। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रतिदिन गोदाम से गैस सिलेंडर कार्डधारियों दिया गया है परन्तु आज गोदाम बन्द है,इसकी सूचना ना टंगा हुआ पाया गया और ना चिपकाया हुआ है। घंटों इंतजार करने के बाद भी गोदाम नही खुला तो उपभोक्ताओं ने नाराजगी जताई, और कहा बिना सूचना का गोदाम बंद करना, बेवजह परेशान करना गलत है। ग्रामीणों का आरोप है कि एजेंसी में गैस उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। इससे लोगों के बीच कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे घंटों लाइन में खड़े रहे।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभी वार्ड पार्षदों ने ली शपथ

**उपायुक्त ने सभी को पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पलामू।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन के निमित्त विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में 16 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त समीरा एस ने विश्रामपुर नगर परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष गीता देवी और 20 वार्ड के पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद के विकास और नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए सभी प्रतिनिधि निष्पक्षता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उपायुक्त ने विश्रामपुर अंतर्गत विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन को लेकर स्थानीय नगर प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रतन सिंह,सीओ राकेश तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे। अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के शपथ ग्रहण के पश्चात उपाध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। उपाध्यक्ष के चुनाव में दो अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसमें तारा देवी को 12 मत मिले, जबकि इलियास अंसारी को 8 वोट मिले। इस तरह निवार्ची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने तारा देवी को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष को अध्यक्ष गीता देवी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। मौके पर सीओ राकेश तिवारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के काचन गांव के गुरियाही टोला में रविवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के सागर जिले के मंगरदहा निवासी अरविंद (पिता मुन्ना मगरधा) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अरविंद पिछले करीब 15 वर्षों से अपने ससुर नंदू मोची के घर गुरियाही में रह रहा था। पत्नी से हुए विवाद के बाद उसने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलने पर सोमवार सुबह रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक के परिजन भी उसके ससुराल पहुंच रहे हैं। उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के ससुर नंदू मोची ने बताया कि रविवार को अरविंद ने घर में मटन बनाया था और शराब भी पी रखी थी। खाना खाते समय भोजन में बाल दिखने पर उसका पत्नी से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उसने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। डर के कारण पत्नी और बच्चे पड़ोस के घर में चले गए। कुछ देर बाद जब पत्नी वापस घर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। मकान की कच्ची छत से झांककर देखने पर अरविंद का शव फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। इसके बाद आसपास के लोगों और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मृतक ससुर ने बताया कि अरविंद अक्सर पत्नी पर अवैध संबंध का शक करता था और इसी बात को लेकर घर में विवाद व मारपीट करता रहता था। मृतक के चार बच्चे हैं, जिनमें 12 वर्षीय शिवानी कुमारी, 10 वर्षीय प्रियांशी कुमारी, 8 वर्षीय मनीष कुमार और 6 वर्षीय अनुज कुमार शामिल हैं। रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# अंतर विद्यालय जिला स्तरीय हैकाथॉन प्रतियोगिता का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** पीएमश्री विद्यालयों के अंतर विद्यालय जिला स्तरीय हैकाथॉन गतिविधियों की प्रतियोगिता का आयोजन 16 मार्च को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, नदिया, हिन्दू में किया गया। इसका उद्घाटन डीईओ दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर और जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार ने किया। जिला स्तरीय पीएमश्री विद्यालयों के बीच दो समूह यथा कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 समूह (कक्षा 9 से 10 और कक्षा 11 से 12) के बीच थीम आधारित हैकाथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 9 से 12 का थीम-पलायन, सूखा रहित खेती और जीरो ड्रॉप आउट एवं 6 से 8 के लिए थीम- मेरे सपनों का गांव, स्थानीय विरासत एवं संस्कृति का बचाव एवं साहित्यिक सुगमता और समावेशिता है। उक्त का विषय प्रवेश एपीओ सह प्रभाग प्रभारी एमलीन सुरीन द्वारा कराया गया। डीईओ ने बताया कि स्कूल इनोवेशन काउंसिल के माध्यम से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा और उनके सृजनता को आगे बढ़ाया जा सकता है। सभी पीएमश्री विद्यालयों में स्कूल इनोवेशन काउंसिल का गठन किया जाय। डीएसई, लोहरदगा ने कहा कि हैकथॉन में समस्या या चुनौती को प्रस्तुत करने का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रेरित करना और उन्हें रचनात्मक समाधान निकालने के लिए प्रोत्साहित करना होता है। सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों की क्षमता किसी भी अन्य विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों से कम नहीं हैं।

# संपादकीय

## युद्ध के बीच महंगाई का दबाव

**देश** में महंगाई का सवाल हमेशा आम आदमी की चिंता के केंद्र में रहता है। जब आय के स्रोत सीमित हों और रोजगार के अवसर अपेक्षित स्तर पर न बढ़ रहे हों, तब रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतों में थोड़ी सी बढ़ोतरी भी लोगों के लिए भारी पड़ती है। पिछले कुछ समय से यही स्थिति देखने को मिल रही है। आमदनी की गति धीमी है, लेकिन बाजार में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे घर-परिवार का बजट बिगड़ता जा रहा है। सरकार के ताजा आंकड़ों के अनुसार फरवरी में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.21 प्रतिशत हो गई, जबकि जनवरी में यह 2.74 प्रतिशत थी। आंकड़ों के लिहाज से यह दर भले ही चार प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि खाद्य वस्तुओं और रसोई से जुड़ी चीजों की कीमतों में वृद्धि ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खासकर उन परिवारों के लिए यह स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण है, जिनकी आय लंबे समय से लगभग स्थिर बनी हुई है। महंगाई में इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों के दामों में उछाल रहा है। सब्जियां, अनाज और अन्य जरूरी खाद्य सामग्री की कीमतें थोड़ी भी बढ़ती हैं तो उसका सीधा असर घर के मासिक बजट पर पड़ता है। यही कारण है कि खुदरा महंगाई को अर्थव्यवस्था की स्थिति का अहम संकेतक माना जाता है और भारतीय रिजर्व बैंक भी अपनी मौद्रिक नीति तय करते समय इसी को आधार बनाता है। हालांकि फरवरी के ये आंकड़े उस समय के हैं जब वैश्विक स्तर पर हालात अपेक्षाकृत सामान्य थे। लेकिन अब पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध के हालात ने नई चिंताएं खड़ी कर दी हैं। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ना तय माना जा रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर बाधा की आशंका ने कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति गंभीर हो सकती है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। अगर कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी लगभग तय है। इसका असर परिवहन लागत पर पड़ेगा और माल ढुलाई महंगी होने से बाजार में लगभग हर वस्तु के दाम बढ़ सकते हैं। इस तरह वैश्विक युद्ध का प्रभाव अंततः आम आदमी की रसोई तक पहुंच जाता है। फिलहाल रसोई गैस की कीमतों में संभावित वृद्धि और आपूर्ति को लेकर आशंकाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। यदि यह संकट लंबा खिंचता है तो महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है। ऐसे में आम परिवारों के लिए दैनिक जरूरतों को पूरा करना और भी कठिन हो जाएगा।

# जैव विविधता और टिकाऊ विकास

**विनीता परमार**



भारत में विकास की कहानी अक्सर सड़कों की लंबाई और गति से मापी जाती है। एक्सप्रेस-वे, चौड़ी होती राष्ट्रीय राजमार्गों की पट्टियां और तेज रफ्तार यातायात- ये सब मिलकर आधुनिक भारत के बुनियादी ढांचे की पहचान बन चुके हैं। हजारों किलोमीटर लंबे राजमार्गों ने व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को नई गति दी है, लेकिन इसके साथ ही प्राकृतिक आवासों की क्षति, पेड़ों की कटाई और जैव-विविधता पर दबाव भी बढ़ा है। परागणकर्ता, विशेषकर मधुमक्खियां इस बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित जीवों में शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि अगर मधुमक्खियों की संख्या लगातार घटती रही, तो खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है, क्योंकि बड़ी संख्या में दुनिया की फसलें परागण पर निर्भर हैं। वैश्विक खाद्य उत्पादन का लगभग (एक-तिहाई) हिस्सा सीधे तौर पर मधुमक्खियों और अन्य परागणकों पर निर्भर करता है। एक अध्ययन के अनुसार, परागण करने वाले कीटों की आबादी में काफी गिरावट आई है।

इस बात की गंभीरता को देखते हुए देश के राजमार्ग अब केवल तेज रफ्तार यातायात की रेखाओं के समांतर धीरे-धीरे जैव विविधता के जीवित गलियारों में बदलने की दिशा में बढ़ रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 'मधुमक्खी गलियारेइ (बी-कारिडोर) विकसित करने की पहल जैव विविधता के संरक्षण की सोच का संकेत है। इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत 2026-27 तक लगभग चालीस लाख पेड़ और फूलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि मधुमक्खियों और अन्य परागणकताओं के लिए सुरक्षित आवास बनाकर पारिस्थितिकी संतुलन को मजबूत करना है। बी-कारिडोर का मतलब है राजमार्गों के किनारे पेड़ों और फूलों की ऐसी हरित पट्टी, जो मधुमक्खियों के लिए खाद्य और आवास मार्ग का काम करे। यह पहल नीतिगत सोच में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत है, जहां बुनियादी ढांचा केवल उपयोगिता नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी संतुलन का हिस्सा भी माना जा रहा है। पहले जहां सड़क किनारे पौधरोपण का उद्देश्य मुख्य रूप से सजावटी या धूल नियंत्रण तक सीमित रहता था, वहीं अब ध्यान स्थानीय पारिस्थितिकी के अनुकूल प्रजातियों के चयन पर दिया जा रहा है। राजमार्गों के किनारे सतत हरित पट्टियां कई पर्यावरणीय लाभ देती हैं। पेड़-पौधे तापमान को नियंत्रित करते हैं, धूल और प्रदूषण को कम करते हैं तथा मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े पैमाने पर हरित पट्टियां सड़क किनारे सूक्ष्म जलवायु को संतुलित करती हैं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में तापमान का प्रभाव कम होता है। दूसरी ओर, मधुमक्खी गलियारे का प्रभाव वास्तव में एक बहुस्तरीय परिवर्तन की संभावना को जन्म देता है, क्योंकि भारत में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग कृषि परिदृश्य से होकर गुजरते हैं। जब इन सड़कों के किनारे परागणकर्ता के अनुकूल पौधों और वृक्षों का रोपण किया जाता है, तो यह केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य नहीं करता, बल्कि एक जीवित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करता है, जो आसपास के खेतों से सीधे जुड़ जाता है।

*पहले जहां सड़क किनारे पौधरोपण का उद्देश्य मुख्य रूप से सजावटी या धूल नियंत्रण तक सीमित रहता था, वहीं अब ध्यान स्थानीय पारिस्थितिकी के अनुकूल प्रजातियों के चयन पर दिया जा रहा है। राजमार्गों के किनारे सतत हरित पट्टियां कई पर्यावरणीय लाभ देती हैं। पेड़-पौधे तापमान को नियंत्रित करते हैं, धूल और प्रदूषण को कम करते हैं तथा मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े पैमाने पर हरित पट्टियां सड़क किनारे सूक्ष्म जलवायु को संतुलित करती हैं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में तापमान का प्रभाव कम होता है। दूसरी ओर, मधुमक्खी गलियारे का प्रभाव वास्तव में एक बहुस्तरीय परिवर्तन की संभावना को जन्म देता है, क्योंकि भारत में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग कृषि परिदृश्य से होकर गुजरते हैं। जब इन सड़कों के किनारे परागणकर्ता के अनुकूल पौधों और वृक्षों का रोपण किया जाता है, तो यह केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य नहीं करता, बल्कि एक जीवित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करता है, जो आसपास के खेतों से सीधे जुड़ जाता है। सबसे पहला प्रभाव कृषि उत्पादकता पर दिखाई देता है। मधुमक्खियां और अन्य परागणकर्ता पौधों के प्रजनन की प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाते हैं, जिससे फसलों में दानों का भराव, फल का आकार, बीज की गुणवत्ता और कुल उपज बढ़ती है। सरसों, सूरजमुखी, सेब, आम, टमाटर, कद्दू वर्गीय सब्जियां और कई तिलहन फसलें ऐसी हैं, जिनकी उत्पादकता परागण की उपलब्धता से सीधे प्रभावित होती है।*

सबसे पहला प्रभाव कृषि उत्पादकता पर दिखाई देता है। मधुमक्खियां और अन्य परागणकर्ता पौधों के प्रजनन की प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाते हैं, जिससे फसलों में दानों का भराव, फल का आकार, बीज की गुणवत्ता और कुल उपज बढ़ती है। सरसों, सूरजमुखी, सेब, आम, टमाटर, कद्दू वर्गीय सब्जियां और कई तिलहन फसलें ऐसी हैं, जिनकी उत्पादकता परागण की उपलब्धता से सीधे प्रभावित होती है। जब परागणकर्ता लगातार उपलब्ध रहते हैं, तो किसानों को रासायनिक खाद और कीटनाशकों को बढ़ाने की आवश्यकता कम पड़ती है और प्राकृतिक उत्पादकता चक्र मजबूत होता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू गुणवत्ता का है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि पर्याप्त परागण होने पर फलों का आकार अधिक समान होता है, उनका पोषण मूल्य बेहतर होता है और बाजार में उनकी कीमत भी अधिक मिलती है। इस तरह मधुमक्खी गलियारा अप्रत्यक्ष रूप से किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर सकता है। तीसरा आयाम ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ा है। अगर इस पहल को योजनाबद्ध तरीके से मधुमक्खी-पालन से जोड़ा जाए, तो यह दोहरी आय का ढांचा बन सकता है।

राजमार्ग के किनारे विकसित पुष्प संसाधन मधुमक्खियों के लिए निरंतर भोजन उपलब्ध कराते हैं, जिससे शहद उत्पादन बढ़ सकता है। स्थानीय किसान या स्वयं सहायता समूह शहद, मधुमोम और अन्य मधुमक्खी उत्पादों के माध्यम से अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकते हैं। इसके अलावा, यह पहल पारिस्थितिकी की स्थिरता को भी मजबूत करती है। परागणकताओं की संख्या बढ? से जैव विविधता में वृद्धि होती है, क्योंकि इनके साथ-साथ पक्षी, तितलियां और अन्य कीट भी आकर्षित होते हैं। इससे खेतों और आसपास के परिदृश्य में प्राकृतिक संतुलन बेहतर होता है और कीट प्रबंधन में भी अप्रत्यक्ष लाभ मिलता है। व्यापक सामाजिक-आर्थिक महत्त्व के लिहाज से देखें तो मधुमक्खी गलियारा पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ कृषि, ग्रामीण रोजगार और जैव विविधता- इन चारों को जोड? वाला एक समेकित ढांचा बन सकता है, जो भविष्य की हरित अवसंरचना की दिशा भी तय करता है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मधुमक्खियों और अन्य परागणकताओं को निरंतर भोजन और आश्रय उपलब्ध कराना है। इसके लिए राजमार्गों के किनारे ऐसी वनस्पति लगाई जाएगी जिसमें साल भर फूल आते रहें।

इस योजना में नीम, पलाश, जामुन और अन्य स्थानीय फूलदार पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें फूलदार पौधों को लगभग पांच सौ मीटर से एक किलोमीटर की दूरी पर लगाया जाएगा, ताकि मधुमक्खियों की उड़ान दूरी के भीतर लगातार भोजन स्रोत उपलब्ध रहे। हालांकि, मधुमक्खी गलियारे की सफलता केवल पौधे लगाने से तय नहीं होगी। इसकी असली चुनौती दीर्घकालिक रखरखाव में है। सड़क किनारे पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई, चराई से संरक्षण और कीटनाशकों के सीमित उपयोग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी। इसके अलावा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी महत्त्वपूर्ण है। अगर ग्रामीणों, स्वयंसेवी संगठनों और स्थानीय प्रशासन को इस पहल से जोड़ा जाए, तो इसकी स्थिरता और प्रभाव दोनों बढ़ सकते हैं। यह पहल दरअसल एक महत्त्वपूर्ण विचार की ओर संकेत करती है। ऐसा विकास प्रारूप, जिसमें प्रकृति और बुनियादी ढांचा, आपस में विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी हों। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अगर सड़क किनारे फूलों पर मंडराती मधुमक्खियां दिखाई दें, तो वह दृश्य केवल सुंदर नहीं होगा। वह इस बात का संकेत होगा कि विकास की दिशा में हम एक अधिक संतुलित और टिकाऊ रास्ता चुन रहे हैं।

आने वाले वर्षों में यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा कि मधुमक्खी गलियारे की पहल कितनी व्यापक रूप से लागू होती है और इसके परिणाम कितने सकारात्मक और प्रभावी होते हैं। अगर इसे वैज्ञानिक योजना, स्थानीय ज्ञान और सामुदायिक भागीदारी के साथ लागू किया जाए, तो यह भारत में हरित बुनियादी ढांचे का एक उदाहरण बन सकता है। इस पहल का असली मूल्य पर्यावरणीय आंकड़ों से आगे उस दृष्टि में है, जिसमें सड़कें केवल शहरों और बाजारों को नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्रों को भी जोड़ती हैं। राजमार्गों की गूंज के बीच मधुमक्खियों की भनभनाहट इस ओर इंगित करती है कि प्रगति का सबसे टिकाऊ रास्ता वही है, जिसमें जीवन के सभी रूपों के लिए जगह हो।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)।**

# तमिलनाडु की राजनीति में शशिकला का जबरदस्त कमबैक

**नीरज कुमार दुबे**



तमिलनाडु की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। दिवंगत जे. जयललिता की करीबी सहयोगी रहीं वीके शशिकला ने नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर राज्य की चुनावी राजनीति को नया मोड़ दे दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी का नाम आल इंडिया पुराची थलैवर मक्कल मुनेत्र कझगम घोषित किया है और उसका चुनाव चिह्न नारियल के पेड़ों का खेत बताया है। आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले यह कदम राज्य की राजनीति में नए समीकरण बना सकता है।शशिकला लंबे समय तक अखिल भारतीय अन्ना द्रविड मुनेत्र कझगम यानी एआईएडीएमके की महत्वपूर्ण नेता रही हैं और जयललिता की सबसे भरोसेमंद सहयोगी मानी जाती थीं। लेकिन बाद में पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेद के कारण उन्हें संगठन से निकाल दिया गया। अब नई पार्टी बनाकर उन्होंने एक बार फिर सक्रिय राजनीति में अपनी मजबूत वापसी का संकेत दिया है। शशिकला ने आज संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि उनकी नई पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में भाग लेगी। सूत्रों के अनुसार शशिकला की पार्टी लगभग चालीस विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही हैं। विशेष रूप से दक्षिणी जिलों के थेवर बहुल क्षेत्रों में उनकी रणनीति केंद्रित बताई जा रही है। इन क्षेत्रों में शशिकला की सामाजिक और राजनीतिक पकड़ मानी जाती है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यदि शशिकला इन क्षेत्रों में प्रभावी प्रदर्शन करती हैं तो इसका सीधा असर एआइएडीएमके के वोट बैंक पर पड़ सकता है। इससे चुनावी मुकाबला और अधिक त्रिकोणीय या बहुकोणीय हो सकता है। इसी बीच, शशिकला ने पीएमके के संस्थापक एस रामदास से उनके थैलापुरम स्थित फार्महाउस में मुलाकात भी की। दोनों नेताओं के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत हुई। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए संभावित गठबंधन पर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि रामदास की स्थिति भी फिलहाल असमंजस में है। द्रविड मुनेत्र कझगम यानी डीएमके ने उनके लिए अपने गठबंधन के दरवाजे लगभग बंद कर दिए हैं। दूसरी ओर एआइएडीएमके उन्हें सीमित सीटें देने की बात कर रही है, लेकिन उनके बेटे अंबुमणि रामदास कम सीटों पर तैयार नहीं हैं। ऐसे में शशिकला के साथ संभावित गठबंधन रामदास के लिए नया राजनीतिक विकल्प बन सकता है। यदि यह गठबंधन आकार लेता है तो उत्तर और दक्षिण तमिलनाडु में एक नया राजनीतिक समीकरण उभर सकता है, जो प्रमुख दलों के लिए चुनौती बन सकता है।

नई पार्टी की घोषणा करते समय शशिकला ने जयललिता की जयंती के अवसर पर भावनात्मक और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भाषण भी दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में जयललिता के निधन के बाद कई मंत्रियों और विधायकों ने उनसे मुख्यमंत्री बनने का अनुरोध किया था। शशिकला ने कहा कि उस समय उन्होंने सत्ता संभालने से इंकार कर दिया था और कहा था कि पहले जयललिता की परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार और अन्य रस्में पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय उन्होंने ओ. पन्नीरसेल्वम के मुख्यमंत्री बने रहने का समर्थन किया था और मंत्रियों को पद की शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जयललिता की मृत्यु के बाद उनके खिलाफ तरह तरह के आरोप लगाए गए और यहां तक कहा गया कि उन्होंने ही जयललिता को नुकसान पहुंचाया। शशिकला ने इन आरोपों को अपने राजनीतिक विरोधियों की साजिश बताया। हम आपको बता दें कि शशिकला ने अपनी नई पार्टी का झंडा भी जारी किया है। झंडे में लाल सफेद और काले रंग की पट्टियां हैं तथा उस पर द्रविड आंदोलन के प्रमुख नेताओं सीएन अन्नादुरै, एमजी रामचंद्रन और जयललिता की तस्वीरें दिखाई गई हैं। शशिकला ने कहा है कि उनकी पार्टी द्रविड विचारधारा पर आधारित होगी और अन्ना, एमजीआर तथा जयललिता की राजनीतिक परंपरा को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी आम लोगों के हितों के लिए काम करेगी और राजनीतिक विरोधियों का मजबूती से सामना करेगी। हम आपको याद दिला दें कि शशिकला के राजनीतिक सफर में विवाद भी कम नहीं रहे हैं। जयललिता के निधन के बाद वह एआईएडीएमके की महासचिव बनी थीं और मुख्यमंत्री बनने की कोशिश कर रही थीं। लेकिन आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी ठहराए जाने के कारण उन्हें चार वर्ष की जेल की सजा हुई। इसके कारण वह अभी वर्ष 2027 तक चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। हम आपको याद दिला दें कि शशिकला को जेल होने के बाद एआईएडीएमके में एडप्पडी पलानीस्वामी और ओ. पन्नीरसेल्वम ने मिलकर पार्टी का नेतृत्व संभाला और बाद में शशिकला को संगठन से बाहर कर दिया था। बाद में पलानीस्वामी ने पन्नीरसेल्वम को भी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। शशिकला ने कई बार पलानीस्वामी को विश्वासघाती बताया है, जबकि पलानीस्वामी का कहना है कि उन्हें विधायकों ने चुना था। देखा जाये तो तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव पहले से ही बेहद प्रतिस्पर्धी माने जा रहे हैं। डीएमके नेता एमके स्टालिन, एआईएडीएमके के एडप्पडी पलानीस्वामी जैसे अनुभवी नेता चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की पार्टियां भी राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। ऐसे समय में शशिकला की नई पार्टी का गठन चुनावी समीकरण बदल सकता है। खास तौर पर एआईएडीएमके के पारंपरिक वोट बैंक में विभाजन की संभावना से चुनावी मुकाबला और दिलचस्प हो सकता है। इसके अलावा, राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि शशिकला क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन बनाने में सफल होती हैं तो वह कई सीटों पर निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। कुल मिलाकर शशिकला की वापसी ने तमिलनाडु की राजनीति को फिर से गरमा दिया है और आगामी विधानसभा चुनाव को और अधिक रोचक बना दिया है।

**- लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**17 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 76 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** त्रयोदशी 09.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** धनिष्ठा 06.22 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 08.15 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 09.23 बजे तदनन्तर विष्टि 20.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 01° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872651
**जूलियन दिन** 2461116.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 27
**विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 06.00 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मेष | 07.35 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.15 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.13 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.26 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.43 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 17.54 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.05 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.20 ब.से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | धनु | 00.36 बजे से |
| | | मकर | 02.41 बजे से |
| | | कुंभ | 04.28 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8802



**बाएँ से दाएँ**

1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण -4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

**ऊपर से नीचे**

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला -4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

शब्द पहेली -8801 का हल



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7736** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7735 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |



# 'मैं रोते हुए घर लौटी'

**● संभावना सेठ का दावा- सलमान खान ने चिढ़कर किया कमेंट, आंखों में आ गए थे आंसू**

संभावना सेठ ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि सलमान खान ने उन्हें वजन कम करने के लिए कहा था। क्योंकि उन्होंने उनसे उनकी फिल्म में काम मांगा था। जिसपर एक्टर चिढ़ते हुए बोले थे कि वह ऐसे ही लोगों को प्रमोट नहीं करते हैं। इसके बाद वह टूट गई थीं। रो पड़ी थीं।

एक्ट्रेस और डांसर संभावना सेठ फिल्मों से दूर हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह अपने डांस वीडियोज के जरिए पारा बढ़ाती रहती हैं। उन्होंने कई रियलिटी शोज किए हैं, जिसमें से एक 'बिग बॉस सीजन 4' था, जिसके होस्ट सलमान खान थे। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कैसे एक सपना उनके बुरे सपने में तब्दील हो गया था। वह जब एक्टर से मिलीं तो लगा काम मिलेगा लेकिन उनकी एक बात के कारण वह घर आकर रोने लगी थीं। संभावना सेठ ने बातचीत में बताया, 'सलमान खान ने बिग बॉस सीजन 4 के स्टेज पर मेरी परफॉर्मेंस की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि वह मुझे काम देंगे। लेकिन बाद में चीजें एक बुरे सपने में बदल गईं।' उन्होंने खुलासा किया कि एक्टर रवि किशन उन्हें सलमान खान के पास लेकर गए और उनका इंट्रोड्यूस करवाया। कहा कि ये भोजपुरी फिल्मों का बड़ा नाम थीं। अच्छी डांसर हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि भाईजान ने कहा कि उन्होंने उनकी परफॉर्मेंस देखी है और उन्हें पसंद भी आई थी। सलमान खान ने बिग बॉस सीजन 4 के स्टेज पर मेरी परफॉर्मेंस की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि वह मुझे काम देंगे। लेकिन बाद में चीजें एक बुरे सपने में बदल गईं।

### सलमान खान से संभावना ने मांगा था काम

एक्ट्रेस ने सलमान के सामने हिम्मत जुटाई और उनसे काम मांगा कि वह उन्हें फिल्म में एक मौका दें। उनके मुताबिक, उनकी गुजारिश पर अभिनेता बोले '100%', और इसके साथ ही अपना पर्सनल नंबर भी दिया। इसके बाद उन्हें ऑर्गनाइजर्स ने स्टेज पर बुलाया और बिग बॉस के दिनों की तरह ही बर्ताव करने के लिए कहा। उन्होंने वैसा ही किया लेकिन बाद में उन्हें ऐसा लगा कि सलमान खान को उनका व्यवहार शायद पसंद नहीं आया। उनके मुताबिक, सलमान खान को शायद ऐसी लड़कियां नहीं पसंद तो बहुत बिंदास होकर बोलती हैं।

### संभावना को सलमान ने वजन कम करने को कहा

संभावना ने बताया, 'जब शो खत्म हुआ तो मैं सलमान सर से मिली और वो बहुत चिढ़ गए थे।' एक्ट्रेस ने कहा कि वैसे तो वह अच्छे से बात करते हैं लेकिन उस वक्त उनका बर्ताव अलग था। जब एक्ट्रेस ने उन्हें फिल्म में मौका देने की बात याद दिलाई तो एक्टर बोले, 'मुझे नहीं पता, पहले तुमको अपना वजन कम करना होगा।

वैसे भी मैं लोगों को प्रमोट नहीं करता।' मैं रोते हुए लौटी। मैं अभी भी सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हूं। लेकिन उस वाकये के बाद मैं टूट गई थी। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें इस बात का बुरा लगा, 'मैं रोते हुए घर लौटी थी। मैं अभी भी सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हूं। लेकिन उस वाकये के बाद मैं टूट गई थी। मैं खुशकिस्मत थी कि मेरे माता-पिता जीवित थे और मैं एक बड़े मौके की तलाश में थी, जिससे उनको सरप्राइज दे सकूं। इसलिए वह मौका मिलना मेरे लिए बहुत जरूरी था।'





**'फ्रॉड अलर्ट!'**

# फेक अकाउंट को लेकर आर माधवन ने दी लोगों को चेतावनी

फैक अकाउंट को लेकर आर माधवन ने दी लोगों को चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति उनका नाम लेकर लोगों से बात कर रहा है, जबकि उसका उनसे या उनकी टीम से कोई संबंध नहीं है। माधवन ने अपने पोस्ट में लिखा, 'फ्रॉड अलर्ट... यह व्यक्ति मुझसे या मेरी टीम से किसी भी तरह से जुड़ा नहीं है। यह दावा कर रहा है कि यह मुझे रिप्रेजेंट करता है और सोशल मीडिया पर मेरी तरफ से लोगों से बात करता है। यह पूरी तरह से एक फर्जी अकाउंट है, कृपया सावधान रहें।'

### ऐसा कोई दूसरा अकाउंट नहीं है

उन्होंने आगे लिखा, 'इंस्टाग्राम या किसी भी सोशल मीडिया पर ऐसा कोई दूसरा अकाउंट नहीं है जो मुझे रिप्रेजेंट करता हो या मेरी तरफ से बात करता हो। कृपया इस बात का ध्यान रखें और सतर्क रहें।' माधवन ने यह भी बताया कि इस मामले में उस व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा रही है, ताकि उसे इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जा सके।

**मलाइका अरोड़ा ने लॉन्च किया नया**

# लाइफस्टाइल ब्रांड 'मेजॉय'

**अभिनेत्री** मलाइका अरोड़ा ने अब फैशन बिजनेस में भी बड़ा कदम रखा है। उन्होंने एक नया लाइफस्टाइल एक्सेसरी ब्रांड लॉन्च किया है, जिसका नाम 'मेजॉय' रखा गया है। यह ब्रांड उन्होंने एक्सीड एंटरटेनमेंट और मिंत्रा की बी2बी होलसेल कंपनी 'मिंत्रा जबोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' (एमजेआईपीएल) के साथ मिलकर तैयार किया है। मेजॉय ब्रांड की शुरुआत एक बड़े कलेक्शन के साथ की गई है। इसके पहले कलेक्शन में 250 से ज्यादा अलग-अलग डिजाइन शामिल किए गए हैं। इस कलेक्शन में खास तौर पर दो तरह की एक्सेसरी पर ध्यान दिया गया है, पहला हैंडबैग और दूसरा लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी। हैंडबैग के कई स्टाइल इस कलेक्शन में देखने को मिलते हैं, जैसे क्रॉसबॉडी बैग, स्ट्रक्चर्ड शोल्डर बैग, बकेट बैग, टोट बैग, ऑफिस के लिए क्लासिक बैग, बैकपैक और क्लच। इन बैग्स को अलग-अलग तरह के मटेरियल से बनाया गया है, जिनमें सिंथेटिक लेदर, ब्रेडेड डिजाइन, साटन, राइनस्टोन और मेटैलिक फिनिश जैसे मटीरियल शामिल है। हर बैग को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वह फैशनेबल भी लगे और रोजमर्रा के इस्तेमाल में भी आरामदायक हो। हैंडबैग के अलावा इस ब्रांड में लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी का भी खास कलेक्शन पेश किया गया है। इसमें रिंग, इयररिंग, पेंडेंट, ब्रेसलेट और टेनिस ब्रेसलेट जैसे कई डिजाइन शामिल हैं। इन ज्वेलरी पीस को सिल्वर, गोल्ड और रोज-गोल्ड टोन में तैयार किया गया है। इनका बेस 925 स्टर्लिंग सिल्वर से बनाया गया है, जो ज्वेलरी की क्वालिटी को बेहतर बनाता है। इसके साथ ही इन ज्वेलरी में इस्तेमाल किए गए डायमंड को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं आईजीआई और जीसीआई से प्रमाणित किया गया है।



# करण जौहर ने 'सूबेदार' को बताया शानदार, पूरी टीम को दी बधाई

**एक्शन-ड्रामा** फिल्म 'सूबेदार' ओटीटी रिलीज के बाद काफी चर्चा में है। हर कोई अनिल कपूर के एक्शन अवतार और फिल्म की कहानी की जमकर तारीफ कर रहा है। अब इस कड़ी में फिल्ममेकर करण जौहर का नाम जुड़ गया है। करण जौहर ने शनिवार को इंस्टाग्राम के जरिए अनिल कपूर के काम की जमकर सराहना की। उन्होंने अनिल कपूर के एक्शन अवतार की तस्वीर शेयर की। इसके साथ ही करण जौहर ने लिखा, 'मैं इस शानदार और दमदार फिल्म को देखने के लिए देर से पहुंचा था। क्या कमाल की फिल्म है और अनिल कपूर ने कितनी मजेदार और शानदार परफॉर्मेंस दी है कि वह सच में कमाल हैं।' इसी के साथ करण ने पूरी स्टार कास्ट की जमकर सराहना करने के साथ बधाई भी दी। करण ने लिखा, 'पूरे कास्ट, सुरेश और प्राइम वीडियो को इतनी बेहतरीन और शानदार फिल्म बनाने के लिए बधाई। सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित एक्शन और ड्रामा से भरपूर फिल्म 'सूबेदार' में अनिल कपूर के अलावा, राधिका मदान, मोना सिंह, अदित्य रावल और सौरभ शुक्ला जैसे मंझे हुए कलाकार अहम किरदार में हैं।

# महक चहल ने शतरंज की बाजी की तरह जिंदगी में भी जीतने की दी सीख

**मनोरंजन** जगत में सोशल मीडिया अब सिर्फ तस्वीरें पोस्ट करने का जरिया नहीं रह गया है बल्कि सितारे इसके जरिए अपने विचार, अनुभव और जिंदगी के नजरिए भी लोगों के साथ साझा करते रहते हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को अभिनेत्री महक चहल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही तस्वीर साझा की है जिसने उनके फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस पोस्ट में वह शतरंज खेलती नजर आ रही हैं और इसके साथ ही उन्होंने जिंदगी को लेकर एक दिलचस्प बात लिखी है। महक चहल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह शतरंज की बिसात के सामने बैठी नजर आ रही हैं। तस्वीर में उनका अंदाज काफी शांत दिखाई दे रहा है, जैसे वह अगली चाल के बारे में गहराई से सोच रही हों। शतरंज की बिसात पर मोहरे सजे हुए हैं और महक उन्हें ध्यान से देखती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी काफी हद तक शतरंज की तरह है। कुछ चालें जीत दिलाती हैं, कुछ से आप सीखते हैं। दोनों ही तरह से, यह सब खेल का हिस्सा है। महक चहल के इस पोस्ट पर फैंस अपनी ओर से खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोगों ने उनके इस संदेश को प्रेरणादायक बताया। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, 'वाह, क्या बात कही है, जिंदगी सच में शतरंज की तरह ही होती है।' एक अन्य फैन ने लिखा, 'यह सिर्फ शतरंज नहीं, लाइफ की बड़ी सीख है।' एक अन्य फैन ने लिखा, 'हार भी जरूरी है, तभी जीत की कीमत समझ आती है। महक चहल ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2002 में तेलुगु फिल्म 'नीथो' से की थी। इसके बाद उन्होंने 2003 में हिंदी फिल्म 'नई पड़ोसन' से बॉलीवुड में कदम रखा, जिससे उन्हें पहचान मिली। आगे चलकर वह कई हिंदी, पंजाबी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में नजर आईं।

**आलिया-शखरी स्टारर**

# 'अल्फा' 10 जुलाई को होगी रिलीज

**यशराज** फिल्म्स ने अपनी पहली वुमन सेंट्रिक रुपाई फिल्म 'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर यह फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी। शिव रवैल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दोनों एक्ट्रेस का मुकाबला विलेन बने बॉबी देओल से होगा। यह फिल्म वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली ऐसी कहानी है, जिसमें फीमेल स्पाई को केंद्र में रखा गया है। करीब डेढ़ साल तक चली शूटिंग में कश्मीर का एक लंबा शेड्यूल भी शामिल रहा। फिल्म के क्लाइमैक्स में हाई-ऑक्टेन फाइट सीक्वेंस को वीएफएक्स आधारित बनाया गया है, जिसके लिए विशेष रूप से हाई स्पीड वाले बोल्ट कैमरा का इस्तेमाल किया गया।

**शूटिंग में सीक्रेसी का स्केल भी काफी हाई रहा**

शूटिंग के दौरान बॉबी के डेडिकेशन की भी काफी चर्चा रही। बताया जाता है कि उन्होंने लगातार आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में काम किया। फिल्म में उनका लुक फिल्म 'एनिमल' से बिल्कुल अलग रखा गया है, जिसमें वे साल्ट-एंड-पेपर दाढ़ी और वेस्टर्न स्टाइल ब्लेजर में नजर आएंगे। शूटिंग के दौरान सीक्रेसी का स्केल काफी ऊंचा रखा गया। क्रू मेंबर्स के मोबाइल फोन तक सेट




पर बैन थे। कुछ एक्शन सीन्स को पहले बॉडी डबल्स के साथ शूट किया गया और बाद में फेस रिप्लेसमेंट तकनीक से एक्टर्स के चेहरे जोड़े गए, जिसमें करीब 15 से 20 दिन लगे। 'अल्फा' के सेट पर नई पीढ़ी की झलक भी देखने को मिली। जिमी शेरगिल के बेटे वीर शेरगिल ने भी इस फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया है।

**'अल्फा' के अलावा शरवरी की अली-अहान वाली फिल्म यूके में 60 दिनों के लंबे शूटिंग शेड्यूल में हो रही शूट**


निर्देशक अली ने इस फिल्म को स्टूडियो सेट के बजाय रियल लोकेशंस पर शूट करने का फैसला लिया है। इसी वजह से करीब 60 दिनों का लंबा शेड्यूल यूनाइटेड किंगडम में रखा गया है।



**फायरिंग की घटना के 40 दिन बाद**

# काम पर लौटे रोहित शेट्टी, टाइट सिक्योरिटी के बीच शुरू की इस फिल्म की शूटिंग

लगभग 40 दिन पहले डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की घटना हुई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, कई आरोपी पकड़े गए हैं। इस माहौल के बीच रोहित शेट्टी को अपनी अपकमिंग फिल्म के शूटिंग सेट पर देखा गया। घर के बाहर हुई फायरिंग की घटना के बाद रोहित शेट्टी लाइमलाइट से दूर चले गए थे। इस घटना के 40 दिन बाद अपने काम पर लौट आए हैं। अपनी अगली फिल्म की शूटिंग डायरेक्टर ने शुरू कर दी है। आगामी फिल्म के सेट से रोहित शेट्टी की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में चिंता की लकीरें उनके माथे पर साफ दिखीं। जानिए, कौन सी फिल्म की वह शूटिंग कर रहे हैं।



# मुश्किल घड़ी के 'असली हीरो': सायरा बानो की नज़र में ऐसे हैं आमिर खान

**बॉलीवुड** के 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' यानी आमिर खान को उनकी बेहतरीन एक्टिंग और फिल्मों के लिए जाना जाता है, लेकिन हिंदी सिनेमा से जुड़े लोग, जो उन्हें करीब से जानते हैं, उन्हें फिल्मों के साथ-साथ अभिनेता के शांत व्यक्तित्व से प्यार है। अभिनेता के जन्मदिन पर हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री सायरा बानो ने अभिनेता के व्यक्तित्व के बारे में बात की है, जिसे बहुत कम लोग ही जानते हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनके सबसे मुश्किल समय में आमिर खान ने सबसे ज्यादा सपोर्ट किया था। सायरा बानो ने आमिर खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे बीमारी के दिनों में, जब अस्पताल के गलियारे बेहद लंबे और बोझिल लगते थे, तब भी वे उनके साथ थे। शांत और ऐसी दयालुता के साथ बिताए गए क्षणों को भूला पाना नामुमकिन है। उन्होंने आमिर खान और दिलीप कुमार साहब की फोटो शेयर कर लिखा, 'कुछ ही दिन पहले, जब आमिर खान गौरी के साथ मुझसे मिलने आए, तो मेरा दिल उस गर्माहट से भर गया जो केवल प्रियजनों की उपस्थिति से ही मिल सकती है। वे हमेशा विनम्र, विचारशील और सौम्य रहे हैं। दिलीप साहब के प्रति उनका आदर केवल दूर से देखने वाले प्रशंसक का नहीं था। यह सच्ची आत्मीयता से उपजा आदर था, जो समय-समय पर देखने को मिला। सायरा बानो ने यह भी खुलासा किया कि आमिर उनके लिए सिर्फ इंडस्ट्री का हिस्सा नहीं, बल्कि उनके परिवार के हिस्से के जैसे हैं और हर जटिल परिस्थिति में हमेशा साथ रहे हैं।

# नगर परिषद की बोर्ड बैठक में 2.95 अरब का बजट पेश

एजेंसी



**बक्सर।** बक्सर नगर परिषद में सोमवार को बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित बजट पेश किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद कमरून निशा ने की। इस दौरान नगर परिषद के विकास कार्यों, सार्वजनिक सुविधाओं और अन्य आवश्यक योजनाओं के लिए वित्तीय प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। परिषद द्वारा पेश किए गए बजट के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए कुल अनुमानित बजट दो अरब 95 करोड़ दो लाख 56 हजार 591 रुपये रखा गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह बजट दो अरब 10 करोड़ 57 लाख 48 हजार 609 रुपये था। प्रस्तुत बजट को दो भागों में विभाजित किया गया है। पहले भाग में अनुमानित प्रारंभिक शेष राशि 80 करोड़ 65 लाख 77 हजार 419 रुपये बताई गई है। वहीं आंतरिक राजस्व, केंद्र व राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान को मिलाकर कुल प्राप्ति लगभग दो अरब 89 करोड़ 30 लाख 25 हजार 915 रुपये रहने का अनुमान है। दूसरी ओर कुल व्यय दो अरब 95 करोड़ दो लाख 56 हजार 575 रुपये प्रस्तावित है। बैठक में बताया गया कि स्थापना और अन्य राजस्व व्यय पर लगभग 79 करोड़ 86 लाख 86 हजार 16 रुपये खर्च होंगे, जबकि दो अरब 15 करोड़ 15 लाख 70 हजार 575 रुपये विभिन्न विकास योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों पर खर्च किए जाएंगे। कार्यपालक पदाधिकारी कुमार ऋत्विक ने बताया कि बजट चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी से तैयार कराया गया है, जिसमें संशोधन के बाद अगली बैठक में इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

# तेल और एलपीजी की उपलब्धता संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित

एजेंसी



**अररिया।** जिलाधिकारी (डीएम) विनोद दूहन द्वारा तेल एवं एलपीजी की उपलब्धता से संबंधित आमजनों को होने वाली कठिनाइयों के समाधान हेतु जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह आदेश सरकार के विशेष सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 1240 दिनांक 13 मार्च 2026 के आलोक में किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष समाहरणालय परिसर स्थित जिला उद्योग भवन के सभाकक्ष में संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06453-222309 निर्धारित किया गया है, जिस पर आमजन अपनी समस्याओं की जानकारी दे सकेंगे।जिला नियंत्रण कक्ष में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी अररिया नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में रहेंगे और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि एलपीजी की उपलब्धता से संबंधित आमजनों की समस्याओं के समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया एवं फारबिसगंज को भी अपने-अपने अनुमंडल मुख्यालय में अनुमंडल नियंत्रण कक्ष स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमजीसीयू में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और सुशासन : कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मानवीय दृष्टिकोणह्व विषय पर आयोजित दो-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और सुरक्षा संस्थानों के विशेषज्ञों ने शिरकत की, जहाँ तकनीक और रणनीति के अंतसंर्बंधों पर गहन विमर्श किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त सिंह, प्रो. डी.पी. पंडित और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सम्मलेन के शुरूआत में स्वागत भाषण समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुजीत कुमार चौधरी ने दिया। इस अवसर पर सम्मेलन की 'स्मारिका' का विमोचन भी किया गया। उद्घाटन सत्र में इंडिया फाउंडेशन के रिसर्च फेलो डॉ. पवन चौरसिया ने जोर देकर कहा कि भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को एआई के चश्मे से पुनर्परिभाषित करने की आवश्यकता है। उन्होंने रणनीतिक योजना और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में एआई की बहुआयामी भूमिका को रेखांकित किया।

### हिंदू सम्मेलन का आयोजन, सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**भागलपुर।** जिले के बसंतपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत लोदीपुर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना था। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए जात-पात की भावना को छोड़कर सभी हिंदुओं को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही समाज में मातृ शक्ति के सम्मान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं के सम्मान और सहभागिता से ही संभव है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई। लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल स्रोतों की रक्षा करने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।

# राज्यसभा चुनाव : एनडीए के सभी पांच उम्मीदवार जीते

## महागठबंधन के चार विधायक नहीं पहुंचे वोट देने

एजेंसी



**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के चुनाव के लिए सोमवार को हुए मतदान में एनडीए ने क्लीन स्वीप किया। एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की, जबकि महागठबंधन के एकमात्र उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा ।एनडीए के सभी 202 विधायकों ने मतदान में हिस्सा लिया जबकि महागठबंधन के चार विधायक वोट देने नहीं पहुंचे। इनमें कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक शामिल हैं। महागठबंधन के उम्मीदवार राजद के एडी सिंह को सिर्फ 37 वोट ही मिल सके। जीत के लिए एक उम्मीदवार को 41 वोट की जरूरत थी।

एनडीए के उम्मीदवारों को मिले वोटों का आंकड़ा इस प्रकार है- जदयू के नीतीश कुमार और भाजपा के नितिन नवीन को 44- 44 वोट मिले । जदयू के रामनाथ ठाकुर और रालोमो के उपेंद्र कुशवाहा को 42 -42 वोट मिले। जबकि भाजपा के शिवेश राम को 38 वोट मिले। शिवेश राम दूसरी वरीयता के वोट से जीते।

राज्यसभा चुनाव में 243 विधायकों को मतदान करना था। लेकिन राजद के एक और कांग्रेस के तीन विधायक मतदान से गायब रहे। लिहाजा कुल 239 विधायकों ने ही वोट डाले। काउंटिंग शुरू होते ही सारे वोटों की जांच की गई। विधानसभा सचिवालय के मुताबिक सारे 239 वोट वैध पाए गए। इस चुनाव में एनडीए ने मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय मंत्री राम नाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा के शिवेश कुमार को उम्मीदवार बनाया था। ये सभी पांच उम्मीदवार चुनाव जीतने में सफल रहे। मतदान के दौरान महागठबंधन को झटका लगा। चार विधायक वोट डालने के लिए विधानसभा नहीं पहुंचे। इनमें कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक शामिल हैं। जिन चार विधायकों ने मतदान में भाग नहीं लिया, उनमें मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद, फारबिसगंज के विधायक मनोज विश्वास, वाल्मीकिनगर के विधायक सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा और ढाका से राजद विधायक फैसल रहमान शामिल हैं।

कांग्रेस के तीनों विधायक महागठबंधन के हिस्सा हैं और उनका वोट गठबंधन उम्मीदवार के लिए जरूरी माना जा रहा था। ऐसे में उनकी गैरमौजूदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। राजद विधायक की गैरहाजिरी से महागठबंधन के भीतर रणनीति को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि उनके पीए ने बताया है कि उनकी मां की तबीयत खराब है। वे दिल्ली गए हैं। मतदान के दिन इन विधायकों की गैरहाजिरी ने राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चचाएं शुरू कर दी हैं। खासकर पांचवीं सीट पर चल रही कड़ी टक्कर के बीच इस घटनाक्रम को काफी अहम माना जा रहा था।

### डीएम ने किया बालिका गृह का निरीक्षण



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिले में संचालित बालिका गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने आवासीय व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारियों से इसके संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने बालिकाओं से बातचीत कर उनकी दिनचर्या, पढ़ाई-लिखाई तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए नियमित रूप से अध्ययन करने और अपने भविष्य के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बालिका गृह के अधीक्षक को निर्देश दिया कि बालिकाओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाए ताकि उनके समग्र विकास में किसी प्रकार की बाधा न आए।बालिकाओं के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए जिला पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा) को निर्देश दिया कि बालिकाओं के पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए नियमित कक्षाओं का संचालन, अध्ययन सामग्री की उपलब्धता तथा आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि बालिकाओं की शिक्षा निरंतर जारी रह सके।इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं प्रतिरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए और आवश्यकतानुसार टीकाकरण एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बालिका गृह में स्वच्छता और पोषण संबंधी मानकों का विशेष रूप से पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ परामर्श, कौशल विकास एवं मनोरंजनात्मक गतिविधियों का भी नियमित आयोजन किया जाए, जिससे उनका मानसिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास बेहतर ढंग से हो सके।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा), सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई, सदस्य बाल कल्याण समिति, परामर्शी बुनियाद केंद्र तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सवर्ण समाज एकता मंच ने पीएम के नाम एसडीएम को यूजीसी कानून को लेकर सौंपा मांग पत्र




**अररिया।** सवर्ण समाज एकता मंच का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को फारबिसगंज एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम यूजीसी विनियमन 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सुझाव देते पांच मांगों का एक मांग पत्र सौंपा। सवर्ण समाज एकता मंच के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री से यूजीसी काले कानून को वापस लेने,आर्थिक आधार पर आरक्षण व्यवस्था लागू करने, एससी एसटी कानून में संशोधन करने,सवर्णों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया को बंद करने और योग्यता को बढ़ावा देने वाला समतामूलक कानून लागू करने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 2026 द्वारा किया गया निर्णय सामाजिक समरसता को छिन-भिन्न करने और समाज में जाति संघर्ष व्यापक रूप से बढ़ने वाला बताया गया। विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा केन्द्रों में पठन-पाठक के माहौल समाप्त होने की बात करते हुए इस विनियमन के दुरूपयोग की पूरी सम्भावना होने की आशंका जताई गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियम बनाते समय सामाजिक संतुलन को ध्यान में नहीं रखने की बात कही गई। प्रमोशन ऑफ इक्वलिटी इन हाइयर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशंस 2026 के प्रावधान को लेकर देशभर में भ्रम की स्थिति होने और कानून के एक पक्षीय होने की बात कही गई।फलस्वरूप सवर्ण वर्ग के छात्रों का शैक्षणिक और व्यवसायिक भविष्य बाधित होने की स्थिति बन रही है।वर्तमान स्थिति में सामाजिक वैमनस्यता और जातीय तनाव बढ़ने की बात करते हुए इस कानून को वापस लेने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में सवर्ण समाज एकता मंच के क्रांति कुंवर, रमेश सिंह, सुबोध मोहन ठाकुर, अंजनी मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, जितेन्द्र झा, अभिषेक सिंह, रामनाथ झा, अंजनी सिंह, तरुण सिन्हा, देवेश ठाकुर, दुखी झा, ललित मोहन ठाकुर आदि मौजूद थे।

# कोशी प्रमंडलीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संघ भवन में आयोजित

एजेंसी

**सहरसा।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नूनूमणि सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को आवश्यक बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर प्रमंडलीय नेता लालबहादुर यादव,प्रमंडल नेटवर्क की संयोजिका राज्य सचिव अंजना सिंह,अजय सिंह,महासचिव हृदय नारायण मल्लाह,सहरसा से शिक्षक संघ के अध्यक्ष किशोरी साह,अमरेंद्र तिवारी, विभाष कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष श्री सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों की समस्या एवं समाधान पर अपने विचार व्यक्त किए।साथ ही साथ शिक्षकों के विभिन्न मांग पूर्ति को लेकर राज्यस्तरीय बैठक का आह्वान किया गया।वही समान काम का समान वेतन की मांग को जायज ठहराते हुए अविलंब भुगतान किये जाने की मांग की।वही अंजना सिंह ने महिला शिक्षिकाओं की समस्या समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की मांग की। साथ ही महिलाओ के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के प्रयास को सराहनीय बताया।

# राम नवमी पर पटना शहर 51 झांकियों-52 शोभायात्राओं से भगवान राम की भक्ति में होगा सराबोर : नितिन नवीन

**दो लाख महावीरी झंडे और एक लाख विक्रम संवत कैलेंडर वितरित किए जाएंगे**

एजेंसी



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना इस वर्ष श्रीराम चौक और डाकबंगला क्षेत्र में भव्य तरीके से रामनवमी मनाने की तैयारी में है। शहर के विभिन्न इलाकों से कुल 52 भव्य शोभायात्राएं निकाली जाएंगी, जो पूरे पटना को राममय कर देंगी। इसके साथ ही लोगों के घरों तक दो लाख महावीरी झंडे पहुंचाए जाएंगे और शहर की विशेष सजावट भी की जाएगी। राज्यसभा चुनाव को लेकर सोमवार को दिल्ली से पटना पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्रीरामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के संयोजक नितिन नवीन ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उनके साथ समिति के अध्यक्ष जगजीवन सिंह बब्लू और अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# श्रीराम कथा के विश्राम सत्र में उमड़ी आस्था, हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया

एजेंसी



**सीवान।** सीवान नगर के वीएमएचई इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा ने आस्था और भक्ति का अनूठा इतिहास रच दिया। सकारात्मकता, समरसता और संचेतना के प्रसार के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज के श्रीमुख से आयोजित इस कथा के विश्राम सत्र के दिन माहौल भावुक हो उठा। जहां राजन जी महाराज आयोजन समिति के सदस्यों के समर्पण से अभिभूत दिखे, वहीं आयोजक भी आभार प्रकट करते समय भावुक नजर आए। विश्राम सत्र के दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा समापन के अवसर पर आयोजित महाभंडारे में हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा के दौरान राजन जी महाराज ने सुंदरकांड से लेकर लंकाकांड तक के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि मनुष्य धर्म और सत्य के मार्ग पर चलता है तो ईश्वर स्वयं उसकी सहायता करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, फल देना ईश्वर का कार्य है और ईश्वर द्वारा किया गया हर कार्य दिव्य और अद्भुत होता है। राजन जी महाराज ने भरत मिलाप और शबरी प्रसंग का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में हुआ भरत मिलाप प्रेम, त्याग, सत्य और न्याय की सर्वोच्च मिसाल है। आज के समय में भाई अक्सर संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद करते हैं, लेकिन यदि भाई संपत्ति के बजाय विपत्ति का बंटवारा करें तो परिवार में प्रेम और विश्वास की धारा प्रवाहित हो सकती है। शबरी प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने भजन जब एही रहिया प्रभु जी के आवन होई प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि शबरी की नवधा भक्ति भगवान श्रीराम के प्रति उनकी अटूट आस्था और समर्पण का प्रतीक है। कथा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। श्रद्धालुओं के बीच पंच पल्लव के पौधे वितरित किए गए। रेनुआ स्थित मंदिर और भरौली मठ में राजन जी महाराज द्वारा पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. अजय सिंह, डॉ. अशोक कुमार वर्मा, बीडीओ नीतू प्रियदर्शिनी, डीपीओ दिलीप कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के चौथे चरण का कार्यक्रम जारी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के चौथे चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस संबंध में बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने आदेश जारी किया है। जारी निर्देश के अनुसार मुख्यमंत्री की यह जिलावार समृद्धि यात्रा चार दिनों तक चलेगी, जिसमें वे कुल आठ जिलों का दौरा करेंगे।

इस दौरान जिले की प्रमुख विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया जाएगा और आम लोगों से सीधे संवाद भी किया जाएगा। यात्रा के दौरान ह्यसात निश्चयह्व से जुड़ी योजनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा जिले में चल रही प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और कायारंभ भी किया जाएगा। यह यात्रा 17 मार्च से 20 मार्च 2026 तक राज्य के कई जिलों में आयोजित की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण करेंगे, नई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे तथा जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे।

सरकारी आदेश के अनुसार 17 मार्च मंगलवार को मुख्यमंत्री अपनी यात्रा की शुरूआत भागलपुर जिले से करेंगे। यहां वे पूर्वाह्न में विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण करेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद अपराह्न में मुख्यमंत्री बांका जिले का दौरा करेंगे, जहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किए जाने की संभावना है। यात्रा के दूसरे दिन 18 मार्च बुधवार को मुख्यमंत्री जमुई और नवादा जिलों का दौरा करेंगे। सुबह के समय वे जमुई में विकास योजनाओं की स्थिति का जायजा लेंगे।



# भाजपा जिलाध्यक्ष ने संसद की गरिमा से कांग्रेस पर खिलवाड़ का लगाया आरोप

एजेंसी

**अररिया।** भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने कांग्रेस पर संसद के गरिमा के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने कहा कि बजट सत्र के दौरान 12 मार्च को संसद भवन के मकर द्वार के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सहित कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के बीस सांसदों द्वारा चाय पार्टी आयोजित करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है, जिसकी गरिमा और मयार्दा बनाए रखना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है। किंतु इस घटना के माध्यम से संसद परिसर को एक प्रकार से पार्लियामेंट पिकनिक स्पॉट बनाने का प्रयास किया गया। जिलाध्यक्ष झा ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मकर द्वार पर किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या गतिविधि पर स्पष्ट रोक के बावजूद विपक्षी सांसदों ने वहां बैठकर विरोध का नाटक किया।

# चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को असम, केरल एवं पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव और गोवा, कर्नाटक, नगालैंड एवं त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी।इसी के साथ इन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी। चुनाव आयोग ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और मुख्य चुनाव अधिकारियों को आचार संहिता (एमसीसी) तुरंत लागू करने के निर्देश दिए हैं। एमसीसी संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए केंद्र सरकार पर भी लागू होगा।



आयोग ने सरकारी, सार्वजनिक और निजी संपत्ति से चुनावी डिफेसमेंट हटाने, सरकारी गाड़ी या घर का गलत इस्तेमाल रोकने और सरकारी खर्च पर विज्ञापन जारी करने पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने नागरिकों की निजता का रोकने के लिए आम लोगों के घरों के बाहर कोई प्रदर्शन या धरना देने पर रोक लगाई है। और मालिक की सहमति के बिना जमीन, इमारत या दीवारों का इस्तेमाल झंडे, बैनर या पोस्टर के लिए इस्तेमाल करने पर भी रोक लगाई है। आयोग ने शिकायतों के लिए आयोग ने एक मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया है, जिसमें 1950 कॉल सेंटर नंबर का प्रयोग किया जाएगा। इसके जरिए आम नागरिक या राजनीतिक दल संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी या रिटर्निंग ऑफिसर के पास शिकायत दर्ज करा पाएंगे। इसके अलावा नागरिक और राजनीतिक दल सी-विजिल ऐप का इस्तेमाल करके एमसीसी उल्लंघन की रिपोर्ट भी कर सकते हैं। शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड और 5200 से अधिक स्टैटिक सर्विलांस टीम तैनात की गई हैं।

आयोग ने बताया कि राजनीतिक दलों को मीटिंग और जुलूस से पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करना होगा ताकि ट्रैफिक और सुरक्षा का इंतजाम किया जा सके। लाउडस्पीकर और अन्य सुविधाओं के लिए जरूरी अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मंत्री चुनाव प्रचार के साथ आधिकारिक काम नहीं करेंगे और न ही सरकारी मशीनरी, परिवहन या लोगों का इस्तेमाल करेंगे। सभी स्तर के अधिकारियों को एमसीसी लागू करने, सभी दलों के साथ समान व्यवहार करने और आधिकारिक सुविधाओं के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए बिना भेदभाव काम करने का निर्देश दिया गया है। उन्हें मीटिंग, जुलूस और मतदान इंतजाम को सही तरीके से रेगुलेट करना होगा, कानून-व्यवस्था बनाए रखनी होगी और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कॉल सेंटर मामले में ईडी का पश्चिम बंगाल में 10 ठिकानों पर छापा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर अवैध कॉल सेंटर से जुड़े मामले में बड़ा अभियान शुरू किया है। जांच एजेंसी की टीम सोमवार सुबह से राज्य के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की टीमें सिलिगुड़ी, हावड़ा, बिधाननगर और दुर्गापुर सहित कुल 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही हैं। यह कार्रवाई अवैध कॉल सेंटर नेटवर्क से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। जिन लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है उनमें सुरश्री कर, सम्राट घोष, शुभजीत चक्रवर्ती समेत अन्य लोग शामिल हैं। शिलिगुड़ी के हाकिमपाड़ा इलाके में स्वपन घोष के घर पर भी ईडी अधिकारियों ने छापा मारा है। बताया गया है कि स्वपन घोष पेशे से सोना व्यवसायी हैं और बिधान बाजार में उनका एक शोरूम भी है। ईडी सूत्रों के अनुसार, तलाशी के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल उपकरणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि इससे अवैध कॉल सेंटर नेटवर्क के आर्थिक लेनदेन और संचालन से जुड़े अहम सुराग मिल सकते हैं। फिलहाल, ईडी की कार्रवाई जारी है और इस मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### श्रीनगर में एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन

**श्रीनगर।** कश्मीर में वसंत ऋतु के आगमन पर एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन सोमवार को आम जनता के लिए खोल दिया गया। इस बहुप्रतीक्षित पुष्प उद्यान को देखने के लिए हजारों पर्यटकों और स्थानीय लोगों के आने की उम्मीद है। श्रीनगर में जबरवान पर्वत श्रृंखला की तलहटी में स्थित इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने किया। ट्यूलिप गार्डन का खुलना घाटी में वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है और कश्मीर के पर्यटन सीजन की शुरूआत का संकेत देता है। प्रसिद्ध डल झील के नजारे वाले सीढ़ीदार ढलानों पर फैला यह उद्यान विभिन्न रंगों और किस्मों के लाखों ट्यूलिप से खिल उठेगा, जो आगंतुकों को एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष उद्यान में ट्यूलिप की 70 से अधिक किस्में लगाई गई हैं। ट्यूलिप के अलावा हयासिंथ, डैफोडिल, मस्करी और रैननकुलस जैसे अन्य बसंत के फूल भी लगाए गए हैं, ताकि बगीचे की सुंदरता बढ़े और फूलों की विविधता में और इजाफा हो। हर साल यह बगीचा फूलों के मौसम में देश और विदेश से हजारों पर्यटकों, प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफरों को आकर्षित करता है, जिससे यह बसंत ऋतु में कश्मीर के सबसे अधिक देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक बन जाता है। अधिकारियों ने फूलों के मौसम में आने वाली संभावित भीड़ को संभालने के लिए परिवहन सुविधाएं, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा तैनाती और अन्य आवश्यक पर्यटक सुविधाओं सहित व्यापक व्यवस्थाएं की हैं।

संसद में व्यवधान को लेकर देवेगौड़ा ने सोनिया को लिखा पत्र, कहा -

# लोकतंत्र की परंपराओं को नुकसान पहुंचा रहा है विपक्ष का आचरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य एचडी देवेगौड़ा ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर संसद में लगातार हो रहे हंगामे और विपक्षी दलों के व्यवहार पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि संसद के भीतर और परिसर में जिस प्रकार का अव्यवस्थित माहौल बनाया जा रहा है, उससे लोकतंत्र की बुनियाद को नुकसान पहुंच सकता है और इससे दीर्घकालिक कटुता पैदा होने का खतरा है। देवेगौड़ा ने सोमवार को लिखे अपने पत्र में कहा कि वे बजट सत्र की शुरूआत से ही सोनिया गांधी को पत्र लिखना चाहते थे, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि समय के साथ स्थिति सामान्य हो जाएगी। हालांकि अब तक कोई सुधार नहीं दिखने पर उन्होंने अपनी चिंता व्यक्त करना जरूरी समझा। पूर्व प्रधानमंत्री ने लिखा कि संसद और उसके परिसर में मुख्य रूप से विपक्षी दलों द्वारा जिस प्रकार का अराजक माहौल बनाया जा रहा है, उससे वे बेहद व्यथित हैं। अनियंत्रित गतिविधियों और नकारात्मक माहौल का प्रभाव लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गंभीर रूप से पड़ सकता है।



देवेगौड़ा ने अपने 65 वर्षों के राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं के जमीनी स्तर से अपनी यात्रा शुरू की और एक विधायक तथा सांसद के रूप में लंबा समय बिताया है। अपने राजनीतिक जीवन का लगभग 90 प्रतिशत समय उन्होंने विपक्ष की बेंचों पर बैठकर गुजारा है। उन्होंने सोनिया गांधी को याद दिलाया कि स्वयं उन्होंने भी लंबे समय तक विपक्ष में रहते हुए गरिमा और परिपक्वता के साथ अपनी भूमिका निभाई है। देवेगौड़ा ने लिखा कि यह संभवतः उनके जीवन का अंतिम संसदीय सत्र हो सकता है और इसलिए वे संसद की परंपराओं तथा गरिमा की बहाली के लिए अपनी बात रखना आवश्यक समझते हैं।

पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता के नेतृत्व में कांग्रेस सांसदों द्वारा संसद के भीतर और बाहर अत्यधिक व्यवधान पैदा किया गया है। उन्होंने कहा कि संसद परिसर में धरना और रास्ता अवरुद्ध करना अभूतपूर्व है। हाल के समय में संसद में अत्यधिक नारेबाजी, पोस्टर प्रदर्शन और व्यक्तिगत टिप्पणियों जैसी घटनाएं देखने को मिली हैं, जो संसदीय लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत हैं। देवेगौड़ा ने लिखा कि संसद और संसदीय लोकतंत्र के बारे में उनकी समझ देश के संस्थापक नेताओं जैसे पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. भीमराव आंबेडकर और मौलाना अबुल कलाम आजाद के मार्गदर्शन और शिक्षाओं से बनी है। अपने लंबे राजनीतिक अनुभव में उन्होंने संसद को इस तरह के अव्यवस्थित माहौल में पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि अपने पूरे राजनीतिक जीवन में, चाहे कितनी भी उकसाने वाली परिस्थितियां क्यों न रही हों, उन्होंने कभी भी विरोध प्रदर्शन के लिए विधानसभा या संसद के ह्यवेलह्ण में प्रवेश नहीं किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें यही राजनीतिक संस्कार सिखाए थे।

# पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग सख्त मांगी पुलिस तबादलों की रिपोर्ट

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग राज्य के प्रशासनिक और पुलिस तंत्र पर निगरानी और कड़ी कर रहा है। इसी क्रम में आयोग ने राज्य पुलिस से हाल के पुलिस अधिकारियों के तबादलों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि चुनाव आयोग ने सोमवार सुबह 11 बजे तक यह रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। हालांकि, खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि राज्य पुलिस ने रिपोर्ट जमा की है या नहीं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की ओर से राज्य पुलिस को भेजे गए पत्र में मार्च महीने के दौरान हुए सभी पुलिस तबादलों की जानकारी मांगी गई है। आयोग ने निर्देश दिया है कि 28 फरवरी के बाद जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है उनकी सूची तथा संबंधित आधिकारिक आदेशों की प्रतियां भी सौंपी जाएं। इसके साथ ही आयोग ने यह भी पूछा है कि क्या किसी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को किसी पद पर नियुक्त किया गया है। चुनाव अवधि के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा के तहत इन नियुक्तियों का विवरण भी मांगा गया है। इससे पहले चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के एक दिन बाद अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (विधि) और राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी को पत्र लिखकर तबादलों का पूरा ब्योरा मांगा था।




एक अन्य निर्देश में आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की सूची भी मांगी है जो पिछले चुनावों के दौरान अशांति के समय थानों के प्रभारी थे। इसमें 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा तथा 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले, दौरान और बाद की घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। यह सूची सोमवार शाम चार बजे तक देने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि, चुनाव आयोग ने रविवार को ही राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान की घोषणा की थी। इसके तुरंत बाद आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पदों से हटा दिया। उनकी जगह दुश्मंत नरियाला को मुख्य सचिव तथा संगमित्रा घोष को नया गृह सचिव नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारियों को सोमवार दोपहर तीन बजे तक कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को उनके पद से हटा दिया है। उनकी जगह अजय कुमार नंदा को नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है।

## तेल संकट के बीच बढ़ेगा वैश्चिक टकराव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने करीब सात देशों से युद्धपोत भेजकर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की मांग की है। हालांकि अब तक किसी भी देश ने इस पर स्पष्ट प्रतिबद्धता नहीं जताई है। ट्रंप ने एयरफोर्स वन विमान से वाशिंगटन लौटते समय पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह समुद्री मार्ग उन देशों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है जो पश्चिम एशिया से तेल आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं उन देशों से कह रहा हूं कि वे खुद अपने क्षेत्र की सुरक्षा करें, क्योंकि यह उनके लिए ज्यादा जरूरी है। बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। आमतौर पर दुनिया के कुल कारोबार वाले तेल का लगभग पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। युद्ध के कारण इस रास्ते की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है और तेल की कीमतें भी तेजी से ऊपर जा रही हैं।

## मणिपुर में अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं चोरी की घटनाओं में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों से विभिन्न अपराधों में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस कड़ी में अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं बैंक में चोरी करते एक चोर को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को सुरक्षा बलों ने मोरेह स्थित यूको बैंक की इमारत के अंदर से किशन चौहान (29) व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति मोरेह के नगामखाई वेंग स्थित मोरेह बस पार्किंग का निवासी बताया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति ने बैंक में सेंध लगाई थी और एसी, साउंड बॉक्स उपकरण, इलेक्ट्रिक बैटरी आदि चुराने की कोशिश की थी। पूर्व में चोरी किए गए एक ऑडियो साउंड बॉक्स और एक एसी को पुलिस ने उसके पास से बरामद किया है। इसी कड़ी में, सुरक्षा बलों ने खुमान लम्पक स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स से हेफाजुद्दीन मयांगमयूम (42) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति इंफाल पश्चिम जिले के कोमलाखोंग माखा लेइकाई का रहने वाला बताया गया है। उसके पास से 1.002 किलोग्राम प्रतिबंधित अफीम बरामद हुई। इसके साथ ही एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड और एटीएम कार्ड भी जब्त किया है। एक अन्य अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के लैम्पफेल पुलिस थानांतर्गत लाइफाम खुनौ मयाई लेइकाई से, सगोलशेम बोइचा सिंह (42) उर्फ तायई को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति इंफाल पूर्व जिले के सावोमबुंग गेट का निवासी बताया गया है। उसके पास से अवैध हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। इसके अलावा एक .32 पिस्तौल (दो मैगजीन और 10 राउंड के साथ), मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि, सुरक्षा बल विभिन्न जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाशी अभियान और एरिया डोमिनेशन (क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने) की कार्रवाई लगातार जारी रखे हुए हैं। मणिपुर के विभिन्न जिलों में, चाहे वे पहाड़ी क्षेत्र हों या घाटी में रविवार को कुल 115 नाके एवं चेक पॉइंट स्थापित किए गए थे ताकि इलाके में शांति बनी रहे एवं वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो, हालांकि, किसी भी व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया गया।

## जापान- आस्ट्रेलिया का होर्मुज में नौसेना भेजने से इनकार सऊदी अरब ने 23 ड्रोन रोकने का दावा किया

**जापान, एजेंसी।** ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने बताया कि तेहरान में हालिया हवाई हमलों में उनके एक क्लिनिक और राहत केंद्र को नुकसान पहुंचा। सोशल मीडिया पर जारी फुटेज में टूटे हुए कांच और क्षतिग्रस्त उपकरण दिखाई दे रहे हैं। अल जजीरा अरबी की रिपोर्ट के अनुसार, इराक के उत्तरी प्रांत निनवेह में धमाके की आवाज सुनी गई। इससे पहले, पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के एक बेस पर हवाई हमले में तीन लोग घायल हुए थे। ऑस्ट्रेलिया की ट्रांसपोर्ट मंत्री कैथरीन किंग ने कहा कि अमेरिकी अपील के बावजूद देश हॉर्मुज स्ट्रेट में जहाज नहीं भेजेगा। उनका कहना था कि वे सिर्फ यूएई को हवाई सहायता प्रदान करेंगे। जापान ने भी क्षेत्र में युद्धपोत भेजने से इनकार किया है। सऊदी अरब की रक्षा मंत्रालय ने देश के पूर्वी हिस्से में तीन अलग-अलग तरंगों में ड्रोन को रोकने की जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, सबसे हालिया तरंग में 12 ड्रोन नष्ट किए गए, जबकि उससे पहले छह ड्रोन को मार गिराया गया था। इसके अलावा, इससे पहले पांच ड्रोन को रोकने में सफलता मिली थी। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब मंत्रालय ने सुबह के शुरुआती घंटों में 37 ड्रोन को रोकने की भी जानकारी दी थी। रक्षा अधिकारियों का कहना है कि सभी ड्रोन हवाई क्षेत्र में संभावित खतरे को रोकने के लिए इंटरसेप्ट किए गए।

## ट्रंप के दावों के बीच मोजतबा खामेनेई ने दिखाई आंख, बोले- मुआवजा दो या अंजाम भुगतो

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि ईरान के खिलाफ 28 फरवरी से शुरू हुई जंग अब आखिरी दौर में है। उनका कहना है कि ईरान के पास अब पलटवार करने की ताकत नहीं बची है। लेकिन ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई और विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के बयानों से ऐसा नहीं लगता। वे अमेरिका और इस्राइल के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं। मोजतबा खामेनेई ने देश को हुए नुकसान के लिए दुश्मन देशों से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम दुश्मन से हर्जाना लेकर रहेंगे। अगर उसने इनकार किया, तो हम उसकी उतनी संपत्ति जब्त कर लेंगे जितनी हम तय करेंगे। अगर यह भी मुमकिन नहीं हुआ, तो हम उसकी उतनी ही संपत्ति को तबाह कर देंगे। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने खामेनेई के टेलीग्राम पोस्ट के आधार पर यह जानकारी दी है। इससे पहले उन्होंने अपने संदेश में लगातार संघर्ष करने की बात कही थी। एक लिखित संदेश में मोजतबा खामेनेई ने जंग में मारे गए लोगों का बदला लेने की कसम खाई है। उन्होंने साफ किया कि तेहरान अपने शहीदों के खून का बदला जरूर लेगा। ईरानी सरकारी टीवी पर एक महिला एंकर ने उनका यह संदेश पढ़ा। संदेश के अनुसार, ईरान जरूरत पड़ने पर दूसरे मोर्चे भी खोल सकता है। ईरान अपने पड़ोसी देशों से अच्छे रिश्ते चाहता है। वह सिर्फ उन्हीं ठिकानों पर हमला करेगा जहां से उस पर हमले किए जाते हैं। दूसरी तरफ, अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। अमेरिकी हमलों की वजह से उन्हें छिपने के लिए मजबूर होना पड़ा है। हेगसेथ के मुताबिक, लगातार सैन्य अभियानों से ईरान के नेतृत्व पर दबाव बढ़ रहा है।

## ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिर गए हैं डोनाल्ड ट्रंप, कमजोर जनसमर्थन और बढ़ती महंगाई बनी बड़ी चुनौती

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर ऐसे समय में घिरे हुए नजर आ रहे हैं, जब इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि हाल के इतिहास में शायद ही कोई अमेरिकी राष्ट्रपति इतने कम सार्वजनिक समर्थन के साथ किसी बड़े युद्ध में उतरा हो। उपलब्ध सर्वेक्षणों में कहीं भी ऐसा संकेत नहीं मिलता कि ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर अमेरिकी जनता का बहुमत ट्रंप के साथ खड़ा है। इसके उलट, कई जनमत सर्वेक्षणों में साफ तौर पर इस युद्ध के खिलाफ राय सामने आई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि आम तौर पर युद्ध जैसे-जैसे लंबा खिंचता है, जनता का समर्थन और घटता जाता है, जिससे ट्रंप के सामने आगे और बड़ी राजनीतिक मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया। उन्होंने फारस की खाड़ी में सैन्य जमावड़े को ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने और बातचीत के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति के रूप में पेश किया था। लेकिन बहुत कम समय में यह कूटनीतिक दबाव सीधे सैन्य कार्रवाई में बदल गया।

# ईरान ने खारिज किया अमेरिकी दावा, भड़के ट्रंप बोले- झूठी खबरें फैला रहा

एजेंसी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 17वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने रविवार को अमेरिका के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि ईरान युद्धविराम चाहता है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान ने न तो कभी सीजफायर मांगा है और न ही किसी तरह की बातचीत की मांग की है।




अराघची ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि ईरान तब तक अपनी रक्षा करता रहेगा जब तक जरूरत होगी। अमेरिकी मीडिया संगठन सीबीएस न्यूज को दिए इंटरव्यू में अराघची ने कहा कि ईरान अमेरिका के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा, जब तक कि अमेरिका इस युद्ध को गैरकानूनी मानकर अपना रुख नहीं बदलता। उन्होंने कहा फिर से इस बात को दोहराया कि हमने कभी सीजफायर नहीं मांगा और न ही बातचीत की मांग की है। हम जितने समय तक जरूरी होगा, अपनी रक्षा के लिए तैयार हैं।

**ईरान फैला रहा झूठी खबरें - ट्रंप :** इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के विदेश मंत्री की तरफ से उनके बयान को खारिज किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान जनता को सच्चाई नहीं बता रहा और गलत जानकारी फैला रहा है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने सिर्फ सच्चाई सामने रखी है, जबकि ईरान झूठी खबरें फैला रहा है। उनके मुताबिक, ईरान ने यह दावा किया था कि उसने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह जहाज न तो कभी हमले का शिकार हुआ और न ही उसमें आग लगी थी। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें पहले अंदाजा नहीं था कि ईरान फर्जी खबरें फैलाने के लिए इतना बदनाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अमेरिकी मीडिया संस्थान भी ऐसी गलत जानकारियों को आगे बढ़ा रहे हैं, जिनके बारे में उन्हें पता होता है कि वे सच नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर मीडिया जानबूझकर झूठी जानकारी फैलाता है, तो इसके लिए उन्हें गंभीर कानूनी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि यह युद्ध अमेरिका ने शुरू किया है और ईरान सिर्फ अपने बचाव में कार्रवाई कर रहा है। उनके अनुसार, जब तक डोनाल्ड ट्रंप को यह समझ नहीं आता कि यह युद्ध जीतने वाला नहीं है, तब तक ईरान अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।

# गाजा में इस्राइली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनियों की मौत

एजेंसी

**काहिरा।** गाजा पट्टी में इस्राइली हवाई हमलों में रविवार को कम से कम 12 फलस्तीनियों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे, एक गर्भवती महिला और आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं। यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने दी। केंद्रीय गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर में रविवार सुबह एक घर पर हुए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार मृतकों में लगभग 30 वर्ष की उम्र का दंपति और उनका 10 वर्षीय बेटा शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि महिला जुड़वां बच्चों की गर्भवती थी। चौथा मृतक 15 वर्षीय पड़ोसी था, जिसे नुसेरत के अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया।



स्थानीय निवासी महमूद अल-मुहतासेब ने बताया कि वे सो रहे थे, तभी मिसाइल के हमले से तेज धमाका हुआ।

उनके अनुसार हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। रविवार दोपहर एक अन्य हमले में केंद्रीय गाजा के जवैदा शहर के प्रवेश द्वार पर सलाह अल-दीन मार्ग पर चल रहे एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया। हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय के अनुसार इस हमले में आठ पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें केंद्रीय गाजा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर्नल इयाद अब यूसुफ भी शामिल थे। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल ने भी इस हमले में आठ लोगों की मौत और 14 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। युद्धविराम के बावजूद जारी हमले इन दोनों हमलों पर इस्राइली सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। युद्धविराम के बावजूद गाजा में हिंसा की घटनाएं जारी हैं। अक्टूबर में लागू युद्धविराम के बाद भी लगभग रोजाना इस्राइली गोलीबारी या हवाई हमले की घटनाएं सामने आती रही हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस दौरान 650 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

# यानिक सिनर ने जीता इंडियन वेल्स 2026 का खिताब, जोकोविच-फेडरर के खास क्लब में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैलिफोर्निया में रविवार को खेले गए प्रतिष्ठित इंडियन वेल्स 2026 टेनिस टूनार्मेंट के फाइनल में इटली के स्टार खिलाड़ी यानिक सिनर ने रूस के दानिल मेदवेदेव को 7-6(6), 7-6(4) से हराकर अपना पहला इंडियन वेल्स खिताब जीत लिया। कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी मौसम में खेले गए इस मुकाबले में सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के दौरान 28 विनर्स और 10 ऐस लगाए तथा नेट पर खेले गए सभी आठ अंकों में सफलता हासिल की। इस जीत के साथ सिनर इतिहास में ऐसे तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने सभी छह एटीपी मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट खिताब जीते हैं। इस उपलब्धि के साथ वह टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के विशेष क्लब में शामिल हो गए। साल का यह उनका पहला खिताब है। इसके साथ ही वह 1990 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने लगातार दो मास्टर्स 1000 खिताब बिना एक भी सेट गंवाए जीते हैं। पेरिस में पिछले वर्ष जीते खिताब से शुरू हुई उनकी जीत की लय इस श्रेणी में 11 मैचों तक पहुंच गई है।



**मुकाबले का हाल**

पहला सेट काफी रोमांचक रहा। मेदवेदेव ने आक्रामक शुरूआत करते हुए सिनर पर लगातार दबाव बनाया और स्कोर 6-5 तक पहुंचाया, लेकिन सिनर ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। टाईब्रेक में इतालवी खिलाड़ी ज्यादा सटीक साबित हुए और 7-6(6) से पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। सिनर ने पांचवें गेम में बिना कोई अंक गंवाए ब्रेक लेकर 3-2 की बढ़त बनाई, लेकिन मेदवेदेव ने हार नहीं मानी और स्कोर 6-6 कर दिया, जिससे मैच एक और टाईब्रेक में पहुंच गया। टाईब्रेक में मेदवेदेव ने 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए लगातार अंक हासिल किए और 7-4 से टाईब्रेक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। मैच के बाद सिनर ने कहा, 'मैं लगातार विश्वास बनाए रखता रहा और अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता रहा। अगर तीसरा सेट होता तो मुकाबला बराबरी से शुरू होता, इसलिए मैंने मैच खत्म करने की पूरी कोशिश की और इस जीत से बेहद खुश हूं।'

**मेदवेदेव का शानदार सफर**

मेदवेदेव ने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। सेमीफाइनल में उन्होंने विश्व नंबर-1 कार्लोस अल्काराज को हराकर बड़ा उलटफेर किया था और ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन की सीजन की 16 मैचों की जीत की लय को भी तोड़ दिया था। हालांकि, इंडियन वेल्स में यह उनका तीसरा फाइनल था और उन्हें एक बार फिर उपविजेता से संतोष करना पड़ा।

## नीलम करवरिया कप के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**प्रयागराज (एजेंसी)।** अक्टूबर माह में होने वाली नीलम करवरिया कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। प्रतियोगिता में जनपद के सभी बारह विधानसभा की टीमें भाग लेंगी। ट्रायल 11 अप्रैल से शुरू होकर 14 जून तक चलेंगे। आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने बताया कि 11 व 12 अप्रैल को ट्रॉयल खंडाला मैदान पर, 18 व 19 अप्रैल को करछना, 25 व 26 अप्रैल को मेजा और 30 अप्रैल व एक मई को कोरांव विधानसभा के खिलाड़ियों का ट्रॉयल होगा। तीनों ट्रॉयल सेंट जॉन्स अकादमी मैदान पर होगा। 2 व 3 मई को फूलपुर (भानु प्रताप मैदान झूंसी), 9-10 मई को फाफामऊ (देव स्पोर्ट्स मैदान), 16-17 मई को सोरांव (गंगा डिग्री कॉलेज मैदान नहर ददौली), 23-24 मई को हंडिया (सोनामती क्लब मैदान निकट झूंसी रेलवे स्टेशन), 26-27 मई को प्रतापपुर (इफको मैदान), 30-31 मई को इलाहाबाद पश्चिम (विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान झलवा), 6-7 जून को इलाहाबाद दक्षिण (डीएवी मैदान) और 13-14 जून को इलाहाबाद उत्तर विधानसभा का ट्रॉयल केपी कॉलेज मैदान पर होगा। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

## *दक्षिण अफ्रीका सीरीज से बाहर हुए ईश सोढ़ी*



**माउंट माउंगानुइ(एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के लेग स्पिनर ईश सोढ़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान गेंदबाजी करते समय उनके अंगूठे में चोट लग गई थी और स्कैन में अंगूठा टूटने की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों के अनुसार उन्हें पूरी तरह ठीक होने में करीब चार सप्ताह का समय लगेगा। टीम प्रबंधन के अनुसार, चोट के कारण सोढ़ी सीरीज के शेष मुकाबलों में उपलब्ध नहीं रहेंगे। इस बीच तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन दूसरे और तीसरे मैच के लिए टीम से जुड़ चुके हैं, जो क्रमशः हैमिल्टन और ऑकलैंड में खेले जाएंगे। चयनकताओं ने सोढ़ी की जगह किसी नए खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है। स्पिन विभाग की जिम्मेदारी अब मिचेल सैंटनर और कोल मैककॉन्ची संभालेंगे। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, 'ईश न्यूजीलैंड के लिए खेलने को लेकर बेहद उत्साहित रहते हैं और विश्व कप अभियान के बाद घरेलू दर्शकों के सामने खेलने के लिए भी वे काफी उत्सुक थे। टी20 प्रारूप में उनका अनुभव टीम के लिए बहुत अहम है, इसलिए उनका बाहर होना निश्चित रूप से बड़ा नुकसान है।' उन्होंने आगे कहा कि टीम को भरोसा है कि फर्ग्यूसन के जुड़ने के साथ-साथ सैंटनर और मैककॉन्ची अगले मुकाबलों में टीम की जरूरतों को पूरा करेंगे। सीरीज के आखिरी दो मैचों के लिए काटेने क्लार्क, डेन क्लीवर, जेडन लेनॉक्स और टॉम लैथम टीम से जुड़ेंगे। इन मैचों में कप्तानी की जिम्मेदारी भी लैथम संभालेंगे, जो सैंटनर की जगह टीम की अगुवाई करेंगे। गौरतलब है कि सीरीज के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम मात्र 91 रन पर सिमट गई थी और दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच आसानी से अपने नाम कर लिया।

## *एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस भारतीय खेलों के भविष्य का मार्गदर्शन करेगी : पीटी उषा*



**नई दिल्ली (एजेंसी)** । भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी ऊषा ने भारतीय खेलों में एथलीट-केंद्रित शासन व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र का भविष्य ऐसी नीतियों से तय होना चाहिए जिनमें खिलाड़ियों को निर्णय प्रक्रिया के केंद्र में रखा जाए। आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की तैयारी, कल्याण और विकास खेल प्रशासकों तथा खेल संस्थाओं की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस सम्मेलन की मेजबानी दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) कर रहा है। पीटी उषा ने कहा, 'एथलीट-फर्स्ट गवर्नेंस भारतीय खेलों के भविष्य का मार्गदर्शन करनी चाहिए। खिलाड़ियों की तैयारी, उनका कल्याण और विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए।' भारतीय खेलों के बदलते परिदृश्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश इस समय अपने खेल सफर के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। बेहतर बुनियादी ढांचा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और संस्थागत समर्थन के कारण भारतीय खिलाड़ी अब वैश्विक मंच पर अधिक आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

# इंडियन वेल्स 2026: आर्यना सबालेंका ने जीता बीएनपी परिबास ओपन का खिताब



**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने आखिरकार बीएनपी परिबास ओपन (इंडियन वेल्स) 2026 का खिताब जीतकर लंबे इंतजार को खत्म कर दिया। रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को खेले गए टेनिस टूनार्मेंट के रोमांचक फाइनल में सबालेंका ने एलेना राइबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6(6) से हराकर अपने करियर का 23वां खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले की शुरूआत राइबाकिना के दबदबे के साथ हुई। उन्होंने शुरूआती सेट में सबालेंका की सर्विस तोड़ते हुए 4-2 की बढ़त बना ली और उनके बैकहैंड पर लगातार दबाव बनाकर पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। यह इस पूरे टूनार्मेंट में पहली बार था, जब सबालेंका ने कोई सेट गंवाया। दूसरे सेट की शुरूआत भी सबालेंका के लिए आसान नहीं रही। राइबाकिना ने पहले ही गेम में उनकी सर्विस ब्रेक कर दी। हालांकि चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी सबालेंका ने शानदार वापसी करते हुए खेल का रुख बदल दिया और लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीतकर मुकाबले में बराबरी कर ली। निर्णायक तीसरा सेट बेहद रोमांचक रहा। सबालेंका ने शुरूआत में सर्विस ब्रेक कर 3-1 की बढ़त बनाई, लेकिन राइबाकिना ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया और पहली बार इस सेट में बढ़त हासिल की। हालांकि सबालेंका ने तुरंत जवाब देते हुए मुकाबले को टाईब्रेक में पहुंचाया। टाईब्रेक में दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला और स्कोर 6-6 तक पहुंच गया। इसके बाद सबालेंका ने दो अहम अंक जीतकर टाईब्रेक 8-6 से अपने नाम कर लिया और मैच जीतते ही घुटनों के बल बैठ गईं। यह जीत उनके लिए बेहद खास रही, क्योंकि तीन साल के इंतजार और तीन फाइनल हारने के बाद आखिरकार उन्होंने इंडियन वेल्स का खिताब जीत लिया।

## न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका करेंगे एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2025-26 की मेजबानी



**लॉजान (स्विट्जरलैंड) (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने सोमवार को घोषणा की है कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2025-26 के चौथे संस्करण की मेजबानी करेंगे। इस प्रतियोगिता के विजेता को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2026-27 सत्र में शामिल होने का अवसर मिलेगा। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन शहर में आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया की कई मजबूत टीमें भाग लेंगी। इन टीमों में मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, स्कॉटलैंड और आयरलैंड शामिल हैं। स्कॉटलैंड ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप-2 के माध्यम से पदोन्नति हासिल की है, जबकि आयरलैंड 2024-25 सत्र की एफआईएच हॉकी प्रो लीग से बाहर होकर इस टूनार्मेंट में उतरेगा। एफआईएच हॉकी पुरुष नेशंस कप 2025-26 का आयोजन 11 से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होगी, जिसने 2022 में पोटचेफस्ट्रूम शहर में पुरुष वर्ग के पहले संस्करण की मेजबानी की थी। महिला वर्ग की प्रतियोगिता न्यूजीलैंड के ऑकलैंड शहर में 15 से 21 जून 2026 तक खेली जाएगी। इस टूनार्मेंट में मेजबान न्यूजीलैंड के अलावा अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड, फ्रांस और भारत की टीमें भाग लेंगी। फ्रांस ने एफआईएच हॉकी नेशंस कप-2 से पदोन्नति हासिल की है, जबकि भारत 2024-25 सत्र की एफआईएच हॉकी प्रो लीग से बाहर होकर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। एफआईएच हॉकी नेशंस कप की शुरूआत 2021 में उन शीर्ष रैंकिंग वाली टीमों के लिए की गई थी, जो एफआईएच हॉकी प्रो लीग में शामिल नहीं हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ऐसी टीमों को उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करना है, जहां से विजेता टीम को अगले सत्र की प्रो लीग में पदोन्नति का अवसर मिलता है। महिला वर्ग में अब तक खेले गए तीन संस्करणों में भारत, स्पेन और न्यूजीलैंड खिताब जीत चुके हैं। वहीं पुरुष वर्ग में पहले संस्करण का खिताब दक्षिण अफ्रीका ने जीता था, जबकि इसके बाद न्यूजीलैंड की पुरुष टीम ने लगातार दो बार यह ट्रॉफी अपने नाम की। एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने मेजबानों की घोषणा के बाद कहा कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे शानदार देशों में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना हॉकी प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक होगा और दुनिया की शीर्ष टीमें दो महाद्वीपों में शानदार मुकाबले पेश करेंगी।

## *नॉर्थ जोन ने जीता आईडीसीए 7वीं वनडे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब*



**इंदौर (एजेंसी)।** इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित 7वीं वनडे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप का रविवार को समापन इंदौर में हुआ, जिसमें रोमांचक मुकाबलों के बाद नॉर्थ जोन ने खिताब अपने नाम किया, जबकि साउथ जोन उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में देश के पांच जोन की डेफ पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में नॉर्थ जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.1 ओवर में 120 रन बनाए। टीम की ओर से कुलदीप सिंह ने 31 रन की अहम पारी खेली। साउथ जोन की तरफ से यशवंत नायडू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ जोन ने 25.5 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। टीम की जीत में वैभव ने 42 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि रोहित सैनी ने गेंदबाजी में पांच विकेट लेकर अहम योगदान दिया।

# बांग्लादेश के रिव्यू को लेकर पाकिस्तान ने दर्ज कराई आधिकारिक शिकायत




**मीरपुर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ रविवार को खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान लिए गए विवादित रिव्यू को लेकर मैच रेफरी नेयामुर राशिद से आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। यह मामला मीरपुर में खेले गए मुकाबले के आखिरी ओवर से जुड़ा है, जिसमें ऑन-फील्ड अंपायर कुमार धर्मसेना के फैसले पर सवाल उठाए गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान टीम प्रबंधन का आरोप है कि बांग्लादेश ने आखिरी से दूसरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू का रिव्यू उस समय लिया जब उस गेंद का रिप्ले पहले ही स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जा चुका था। मुकाबले के उस समय पाकिस्तान को जीत के लिए दो गेंदों पर 12 रन की जरूरत थी। बांग्लादेश के गेंदबाज रिशाद हुसैन ने लेग स्टंप पर फ्लाइटेड गेंद डाली, जो लेग साइड की ओर घूमती हुई बल्लेबाज शाहीन शाह अफरीदी से दूर निकल गई। अंपायर ने इसे वाइड करार दिया। इसके बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने आपस में चर्चा की और एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू ले लिया, जबकि पहली नजर में गेंद अफरीदी के शरीर या पैरों के पास भी नहीं दिख रही थी। सामान्य नियमों के अनुसार रिव्यू लेने का फैसला खिलाड़ियों को रिप्ले दिखने से पहले करना होता है, ताकि स्क्रीन पर दिखाई देने वाली जानकारी से निर्णय प्रभावित न हो। पाकिस्तान का आरोप है कि इस मामले में यह प्रोटोकॉल सही तरीके से नहीं अपनाया गया। उनका यह भी कहना है कि संभव है कि बांग्लादेश ने 15 सेकंड की तय समय-सीमा के बाद रिव्यू लिया हो, हालांकि प्रसारण में कोई टाइमर नहीं दिखाया गया, जिससे इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी। डीआरएस में जब मामला हॉक-आई तक पहुंचा तो पता चला कि गेंद बल्ले के निचले हिस्से से हल्का सा संपर्क कर गई थी। इस कारण वाइड का फैसला पलट दिया गया। हालांकि बांग्लादेश का रिव्यू असफल रहा।


**कार्लोस ग्रासिदा मेमोरियल कप**

## इंस्ट्रुको ने फाइनल में जिंदल पैंथर को 8-6 से हराया



**नोएडा (एजेंसी)।** जिंदल पोलो एस्टेट में जारी जिंदल पोलो स्प्रिंग सीजन के तहत खेले गए कार्लोस ग्रासिदा मेमोरियल कप के फाइनल में इंस्ट्रुको ने शानदार वापसी करते हुए जिंदल पैंथर को 8झ्र6 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। चार चुक्करों तक चले इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन अंतिम चरण में इंस्ट्रुको ने बढ़त बनाकर जीत सुनिश्चित कर ली। मुकाबले की शुरूआत जिंदल पैंथर के लिए शानदार रही। जुआन ग्रिस जावलेटा ने पहले चुक्कर में लगातार तीन गोल कर हैट्रिक पूरी की और अपनी टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। हालांकि इंस्ट्रुको की ओर से कृष्णा इनकिया ने दो गोल कर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। पहले चुक्कर के अंत तक जिंदल पैंथर 3झ्र2 से आगे था। दूसरे चुक्कर में भी दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। जिंदल पैंथर की ओर से नवीन जिंदल ने गोल कर बढ़त को और मजबूत किया। इसके जवाब में इंस्ट्रुको के लिए फिल सेलर ने गोल दागकर अंतर कम कर दिया। पहले हाफ के अंत तक जिंदल पैंथर 4- 3 से आगे रहा। तीसरे चुक्कर में इंस्ट्रुको ने शानदार वापसी की। फिल सेलर ने एक और गोल किया, जबकि कृष्णा इनकिया ने भी गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। जिंदल पैंथर की ओर से जुआन ग्रिस जावलेटा ने एक और गोल किया। इस चुक्कर के अंत तक दोनों टीमों का स्कोर 5-5 से बराबर था। अंतिम और चौथे चुक्कर में इंस्ट्रुको ने मैच पर नियंत्रण बना लिया। कृष्णा इनकिया ने मैच का अपना चौथा गोल दागा, जबकि सिद्धांत शर्मा ने दो महत्वपूर्ण गोल कर टीम की बढ़त मजबूत कर दी। जिंदल पैंथर की ओर से जुआन ग्रिस जावलेटा ने एक और गोल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन टीम अंतर कम नहीं कर सकी।

# ओलंपिक की राह पर भारत : साई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बढ़ा रहे पदक की उम्मीदें




**नई दिल्ली (एजेंसी)** । भारत के 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के प्रयासों के बीच भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) देश में खिलाड़ियों के विकास की व्यवस्था को और मजबूत करने में जुटा है। इसी कड़ी में साई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) और प्रशिक्षण केंद्रों से निकलने वाली नई पीढ़ी के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। साल 2019 में शुरू किया गया एनसीओई मॉडल खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर तैयार किया गया उच्च प्रदर्शन तंत्र है, जिसमें खेल विज्ञान, हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर और एथलीट मैनेजमेंट सिस्टम को प्रशिक्षण का हिस्सा बनाया गया है। देशभर के एनसीओई केंद्रों में इस समय 4000 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि साई प्रशिक्षण केंद्रों (एसटीसी) में लगभग 4800 युवा खिलाड़ी खेलों की बुनियादी तैयारी कर रहे हैं। हाल के वर्षों में इन केंद्रों से निकलने वाले खिलाड़ियों ने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। भोपाल स्थित साई क्षेत्रीय केंद्र के खिलाड़ी मोहित एचएस और चंदूरा बॉबी पूवन्ना सुल्तान अजलान शाह कप में भारत की रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे। यह भारत की बढ़ती बेंच स्ट्रेंथ और नए खिलाड़ियों को अवसर देने की क्षमता को दशार्ता है। मुक्केबाजी में भी साई केंद्रों का योगदान लगातार बढ़ रहा है। सोनीपत, गुवाहाटी और औरंगाबाद के एनसीओई केंद्रों के मुक्केबाज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल 2025 में मीनाक्षी ने स्वर्ण पदक और सवेती ने कांस्य पदक जीता, जबकि अभिनाश जमवाल और नवीन ने रजत पदक हासिल किए। वहीं गुवाहाटी में प्रशिक्षण ले रही ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्साम एलीट इंटरनेशनल 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। पैरा खेलों में भी साई के केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गांधीनगर स्थित साइ एनसीओई पैरा खेलों के लिए एक प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र बनकर उभरा है। ब्राजील ओपन चैंपियनशिप 2025 में जसप्रीत कौर ने रजत पदक जीता। वहीं ऑस्ट्रेलिया में आयोजित आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा फ्यूचर में भारतीय खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए। इसके अलावा पैरा यूथ एशियन गेम्स 2025 और फज्जा इंटरनेशनल पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में भी साई केंद्रों के खिलाड़ियों ने कई पदक जीतकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स, वुशू, ताइक्वांडो, रोइंग और साइक्लिंग जैसे खेलों में भी साइ के विभिन्न केंद्रों से प्रशिक्षित खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। साई की यह संरचना केवल घरेलू स्तर पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी भारत की ताकत बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। एनसीओई और एसटीसी जैसे कार्यक्रम प्रतिभा की पहचान, उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान कर खिलाड़ियों को ओलंपिक स्तर के लिए तैयार कर रहे हैं।

# फरवरी में बढ़त के साथ 11 महीने में महंगाई शीर्ष पर पहुंची, खाने-पीने की चीजें हुई महंगी

**थोक मूल्य आधारित महंगाई दर बढ़कर 2.13 फीसदी पर, लगातार चौथे महीने आया उछाल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)** । खुदरा महंगाई के अब थोक महंगाई की दर में भी तेज उछाल दिख रहा है। फरवरी में यह बढ़त के साथ 11 महीने के शीर्ष पर पहुंच गई है। उपभोक?ता मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से थोक मूल?य आधारित महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी पहुंच गई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक महंगाई में उछाल आया है। उपभोक?ता मंत्रालय ने बताया कि थोक महंगाई लगातार चौथे महीने बढ़कर फरवरी में 2.13 फीसदी हो गई है, जिसमें खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि मुख्य कारण रही। हालांकि, सब्जियों की कीमतें महीने दर महीने कम हुई हैं, लेकिन अन्य उत?पादों के दाम बढ़ने से थोक महंगाई पर इसका असर दिखा। जनवरी में थोक महंगाई की दर 1.81 फीसदी थी और पिछले साल फरवरी महीने में 2.45 फीसदी थी। हालांकि, पिछले साल के मुकाबले अभी यह थोड़ी नीचे है लेकिन माना जा रहा है कि मौजूदा हालात को देखते हुए जल्द ही इस स्तर को भी पार कर जाएगी। उद्योग मंत्रालय ने बताया कि फरवरी 2026 में महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, मूल धातुओं के निर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं में महंगाई दर फरवरी में 2.19 फीसदी रही, जबकि पिछले महीने यह 1.55 फीसदी थी। सब्जियों की महंगाई दर फरवरी में घटकर 4.73 फीसदी हो गई, जबकि जनवरी में यह 6.78 फीसदी थी। सब्जियों में भले ही नरमी दिख रही है लेकिन दाल, आलू और अंडा, मांस और मछली में फरवरी में पिछले महीने की तुलना में ज्यादा महंगाई देखी गई। निर्मित उत्पादों के मामले में, थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.92 फीसदी हो गई, जबकि पिछले महीने यह 2.86 फीसदी थी। गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 8.80 फीसदी हो गई, जबकि जनवरी में यह 7.58 फीसदी थी. ईंधन और बिजली की टोकरी में नकारात्मक महंगाई या डिफ्लेशन फरवरी में 3.78 फीसदी रही, जबकि जनवरी में यह 4.01 फीसदी थी। देश की खुदरा महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 3.2 फीसदी हो गई, जबकि जनवरी में यह 2.75 फीसदी थी।

## टाटा मोटर्स एक अप्रैल से वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें 1.5 फीसदी तक बढ़ाएगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। टाटा समूह की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की की कीमतों में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को एक अप्रैल से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 1.5 फीसदी तक की वृद्धि करने की जानकारी दी। टाटा मोटर्स ने बताया कि यह मूल्य वृद्धि विभिन्न मॉडलों और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी। कंपनी ने कहा कि जिंस की बढ़ती कीमतों और अन्य लागत व्यय के प्रभाव को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है। टाटा मोटर्स के मुताबिक इस फैसले का उद्देश्य लागत में वृद्धि के प्रभाव को कम करना है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर नया शुल्क ढांचा तय होने के बाद ही होंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर अमेरिका के नए वैश्विक शुल्क ढांचा तैयार होने के बाद ही किए जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि अमेरिका की नई वैश्विक टैरिफ संरचना लागू होने के बाद भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

अधिकारी ने कहा, ' अंततः हर देश एक पैकेज के हिस्से के रूप में ऐसा समझौता करता है, जिसमें उसे प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले तुलनात्मक लाभ मिलता है।' अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिक व्यापार समझौते पर अधिकारी ने कहा, 'जब भी हम तैयार होंगे, अमेरिकी पक्ष नए टैरिफ आर्किटेक्चर के साथ तैयार होगा। वह इस समझौते सौदे पर हस्ताक्षर करने का उपयुक्त समय होगा।₹ आधिकारिक सूत्र ने बताया कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर किए जाने थे, लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के कारण अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) टैरिफ अब अस्तित्व में नहीं है। अनुच्छेद 122 के तहत 10 फीसदी टैरिफ अब वैश्विक स्तर पर मौजूद हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारत जिस भी समझौते पर हस्ताक्षर करेगा, वह टैरिफ संरचना के खिलाफ हस्ताक्षरित किया जाएगा। अमेरिका वैश्विक स्तर पर एक टैरिफ आर्किटेक्चर को फिर से बनाने की कोशिश कर रहा है। एक बार जब अमेरिका इसे बना लेगा, तो उस पर हस्ताक्षर करना बेहतर होगा। वास्तविक हस्ताक्षर तब किए जाएंगे जब विश्व स्तर पर टैरिफ की नई संरचना अमेरिका द्वारा की जाएगी।' अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, ₹हम रूसी तेल खरीद रहे हैं। रूस से कच्चे तेल की खरीदारी में और बढ़ोतरी हुई है।₹ कनाडा के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर दोनों पक्ष पहले से ही वर्चुअली चर्चा कर रहे हैं, जो इस महीने भी होने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक ढांचे को अंतिम रूप देने की घोषणा पिछले महीने की थी।

## थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी हुई, खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका लगने वाली खबर आई है। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर फरवरी में लगातार चौथे महीने बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी रही। हालांकि, इस दौरान सब्जियों की कीमतों में मासिक आधार पर कुछ नरमी आई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़ों के जरिये बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी पर पहुंच गई है। जनवरी में यह 1.81 फीसदी थी, जबकि फरवरी 2025 में यह 2.45 फीसदी रही थी। दिसंबर में थोक महंगाई दर 0.83 फीसदी के स्तर पर थी। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी में मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, आधार धातुओं के विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्र आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई दर बढ़ी है।

# देश का निर्यात फरवरी में घटकर 36.61 अरब डॉलर

## व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 0.81 फीसदी घटकर 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इस दौरान आयात 24.11 फीसदी बढ़कर 63.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि फरवरी, 2025 में यह 51.33 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक पश्चिम एशिया संकट के बीच देश का वस्तु निर्यात फरवरी में 0.81 फीसदी घटकर 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। हालांकि, फरवरी में आयात 24.11 फीसदी बढ़कर 63.71 अरब यूएस डॉलर पर पहुंच गया, जबकि फरवरी, 2025 में यह 51.33 अरब डॉलर रहा था। इससे आयात और निर्यात का अंतर व्यापार घाटा फरवरी महीने में 27.1 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान देश का निर्यात 1.84 फीसदी बढ़कर 402.93 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इसी अवधि में आयात भी 8.53 फीसदी बढ़कर 713.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न लॉजिस्टिक चुनौतियों की वजह से अगले महीने मार्च में निर्यात में गिरावट देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यह संकट 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल की ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद उत्पन्न हुआ है, जिससे होर्मुज समुद्री जलमार्ग सहित प्रमुख व्यापार मार्गों में व्यापक व्यवधान आया है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रगति के बारे में बात करते हुए वाणिज्य सचिव ने कहा कि इस समझौते पर हस्ताक्षर नए शुल्क ढांचे को अंतिम रूप देने के बाद ही किए जाएंगे। अग्रवाल ने कहा कि हम इस समय अमेरिका के साथ होने वाले समझौते के विवरण पर बातचीत कर रहे हैं।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे ये दोनों सूचकांक रिकवरी कर हरे निशान में पहुंचने में सफल रहे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ग्रासिम इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, इंटरग्लोब एवियशन और टाटा स्टील के शेयर 2.47 प्रतिशत से लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, श्रीराम फाइनेंस, कोल इंडिया, ओएनजीसी, मैक्स हेल्थकेयर और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.63 प्रतिशत से लेकर 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,045 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 882 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,163 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे. बीएसई का सेंसेक्स आज 148.13 अंक की कमजोरी के साथ 74,415.79 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही पहले पांच मिनट में ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण यह सूचकांक गिर कर 74,384.61 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 38.93 अंक की बढ़त के साथ 74,602.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 35 अंक टूट कर 23,116.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण यह सूचकांक थोड़ी ही देर में गिर कर 23,098 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से पहले 15 मिनट के कारोबार में ही यह सूचकांक सुधर कर हरे निशान में पहुंच गया।

## सीएमपीडीआईएल का आईपीओ 20 मार्च को खुलेगा, प्राइस बैंड 163-172 रुपये प्रति शेयर




**नई दिल्ली (एजेंसी)** । कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआईएल) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 20 मार्च को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए निवेशक 24 मार्च तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 163-172 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के शेयर 30 मार्च को बाजार में सूचीबद्ध होंगे। केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआईएल) की योजना इस आईपीओ के जरिए 1,842 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी की ओर से जारी मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 12,280 करोड़ रुपये बैठता है। कंपनी के 2 रुपये फेस वैल्यू इस इश्यू के लिए न्यूनतम बिड लॉट 80 इक्विटी शेयरों का है, जिसमें 80 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड की जा सकती है। यह पूरी तरह से कोल इंडिया द्वारा 10.71 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। इसमें कोई नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे। कंपनी के मुताबिक ये आईपीओ 20 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। इसमें निवेश के लिए एंकर निवेशक एक दिन पहले 18 मार्च को बोली लगा सकते है। कंपनी के शेयर 30 मार्च को बाजार में सूचीबद्ध होंगे। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 2,103 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 667 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को 1 नवंबर, 1975 को कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में निगमित किया गया था।

## ट्रैवलस्टैक टेक को आईपीओ के लिए सेबी से मिली अंतिम मंजूरी




**नई दिल्ली (एजेंसी)** । फैबहोटल्स की मूल कंपनी ट्रैवलस्टैक टेक लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से आखिरी मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 17 दिसंबर, 2025 को सेबी के समक्ष अपने आईपी के लिए डॉफ्ट दस्तावेज जमा किए थे। सेबी के अनुसार ट्रैवलस्टैक टेक के प्रस्तावित आईपीओ में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके साथ प्रवर्तकों एवं अन्य शेयरधारकों द्वारा 2,68,52,969 शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी इसमें शामिल है। इसमें शेयर बेचने वाले प्रमुख निवेशक अनुपम मित्तल, एक्सेल इंडिया क्क्ष (मॉरीशस) लिमिटेड, ग्लोबल प्राइवेट ऑपर्च्युनिटीज पार्टनर्स क्क्ष एल पी, ग्लोबल प्राइवेट ऑपर्च्युनिटीज पार्टनर्स क्क्ष ऑफशोर होल्डिंग्स एल पी, पैंथेरा ग्रोथ फंड क्क्ष वीसीसी, पीजीपी इंडिया ग्रोथ फंड क् पैंथेरा ग्रोथ क्क्ष एक्सटीओ10एक्स मॉरीशस प्राइवेट लिमिटेड और क्वालकॉम एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड हैं। ट्रैवलस्टैक टेक लिमिटेड नए इश्यू से मिलने वाली 135 करोड़ रुपये की रकम का इस्तेमाल कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को आंशिक रूप से पूरा करने के लिए करेगी। इसके अलावा 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कंपनी द्वारा लिए गए कुछ कर्जों की पूरी या आंशिक चुकौती और/या पूर्व-भुगतान के लिए, और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ट्रैवलस्टैक टेक लिमिटेड (पूर्व में कासा2 स्टेज) फैब होटल्स की मूल कंपनी है, जो भारत में 474+ उद्यम ग्राहकों को ट्रैवलप्लस एसएएएस प्लेटफॉर्म के जरिए होटल-केंद्रित कॉर्पोरेट यात्रा सेवाएं प्रदान करती है।

## सोना और चांदी की कीमत में मामूली गिरावट




**नई दिल्ली (एजेंसी)**। घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,650 रुपये से लेकर 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,46,340 रुपये से लेकर 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सराफा बाजार में 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,800 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,59,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,59,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,46,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सब्सक्रिप्शन के लिए खुला जीएसपी क्रॉप साइंस का आईपीओ




**नई दिल्ली (एजेंसी)** । एग्रोकेमिकल सेक्टर में काम करने वाली कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस का 400 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 18 मार्च तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 20 मार्च को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 23 मार्च को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 24 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 304 रुपये से लेकर 320 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 46 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 46 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,720 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,91,360 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 598 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 1.25 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 240 करोड़ रुपये के 75 लाख नए शेयर और 160 करोड़ रुपये के 50 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए न्यूनतम 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए न्यूनतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि एमयूजीएफ इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 17.57 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 55.54 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 81.42 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 81.07 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में मामूली उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 1,206.05 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 1,158.23 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 1,301.06 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 847.61 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 324.26 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में कम होकर 235.44 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 296.60 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 की बात करें।



# तीन दिनक राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव कर सुभारंभ

## देस कर बिभिन्न हिस्सा से आवल कलाकार आपन कला कर परदरसन करबयं

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**देवघर।** जिला में तीन दिनक राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2026 कर उद्घाटन उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीछक सौरभ, देवघर नगर निगम महापौर रवि राउत, मधुपुर नगर परिषद अध्यछ श्रीमती दरक्शां परवीन, देवघर नगर निगम उपमहापौर श्रीमती टीप चटर्जी व जनप्रतिनिधिमन ने सयुंक्त रूप से करलयं। कार्जकरम के संबोधित करते उपायुक्त कहलयं देवघर कर ई पुण्यभूमि खली एगो सहर नई, बलकि आस्था, अध्यात्म आउर संस्कृति कर संगम आहे। हियां इस्थित बाबा बैद्यनाथ धाम भारत कर द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक आहे। ई सदियों से करोड़ों सरधालुमन कर आस्था कर केंद्र रईह हे। हर बछर महाशिवरात्रि आउर श्रावणी मेला कर दौरान देस-बिदेस से लाखों भक्त हियां आय के भगवान शिव कर जलाभिसेक करयंना। आपन सरधा अर्पित करयंना।

श्री लकड़ा कहलयं कि राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव कर आयोजन खली एगो सांस्कृतिक कार्यक्रम न?ई, बलकि ई देवघर आउर झारखंड कर समरिध परंपरा, कला, संगीत, लोकसंस्कृति आउर अध्यात्म के एगो मंच में प्रस्तुत करने कर सुंदर प्रयास आहे। ई महोत्सव कर



माध्यम से हमरे आपन लोककला, परंपरा, संगीत, नृत्य आउर सांस्कृतिक बिरासत के नवा पीढ़ी तक पहुंचायेक कर काम करत हे।

ई महोत्सव में देस कर बिभिन्न हिस्सा से आवल कलाकार आपन कला कर परदरसरन करबयं, जेकर से सांस्कृतिक आदान-प्रदान के भी बढ़ावा मिली। ई महोत्सव पर्यटन, स्थानीय कला, हस्तशिल्प आउर स्व-रोजगार के भी प्रोत्साहित करेला। महोत्सव कर पहिल दिन कलाकारमन आपन प्रस्तुति से सउब कर मन मोहलयं। ई दौरान उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त श्री रोहित सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार आउर जिला स्तर कर अधिकारी आउर कर्मी आदि उपस्थित रहयं।











# विश्वकर्मा मंच कर पारिवारिक मिलन सह प्रतिभा सम्मान समारोह

## उत्कृस्ट काम करेक वाला के सम्मानित करल गेलक





प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** विश्वकर्मा मंच (लोहार समाज) कर 15वां पारिवारिक मिलन सह प्रतिभा सम्मान समारोह कर आयोजन दिगंबर जैन भवन में करल गेलक। ई समारोह कर अध्यछता विश्वकर्मा मंच कर अध्यछ श्रीकांत शर्मा करलयं। कार्जकरम कर मुध गोतिया महापौर श्रीमती रोशनी खलखो, बिसिस्ट गोतिया विश्वकर्मा लोहार समाज कर प्रदेस अध्यछ मनोज कुमार विश्वकर्मा रहयं।

मुध गोतिया महापौर श्रीमती रोशनी खलखो कहलयं सनातन संस्कृति के बचाए राखेक हमिन सउब कर धरम आहे। जखन हमिन कर धरम बची, तब हमरे सउब बचब। बिसिस्ट गोतिया मनोज कुमार विश्वकर्मा कहलयं कि सरकार विश्वकर्मा शिल्प योजना चलात हे, मकिल लोहार जाति के लाभ नई कर बराबर मिलत हे। कार्जकरम कर अध्यछता करते श्रीकांत शर्मा कहलयं कि संगठित होए के समाज के आगे बढ़ायेक हय। गोटा दुनिया में लोहारमन कर बहुमूल्य जोगदान आहे। सउबसे बेसी देस कर बिकास लौह योग में होए हे। सचिव राकेश कुमार शर्मा बारसिक रिपोर्ट प्रस्तुत करलयं। उत्कृस्ट काम करेक वाला डॉ. सुरुचि कुमारी शर्मा, सुरुति कुमार, सोनाक्क्षी कुमारी के मोमेंटो, अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र देइ के सम्मानित करल गेलक।

छउवामन ले होवल चित्रकला प्रतिजोगिता कर जूनियर ग्रुप पहिल आराध्य शर्मा, दूसर अनिका कुमारी, तीसर तनिक्स विश्वकर्मा रहयं। सीनियर ग्रुप पहिल अमित ठाकुर, दूसर यशराज विश्वकर्मा,तीसर आवल अदिति विश्वकर्मा के मोमेंटो आउर प्रसस्ति-पत्र से सम्मानित करल गेलक। धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप विश्वकर्मा करलयं। समारोह में राइज कर बिभिन्न जिला से समाज कर अदमी आलयं। गुमला से अजय विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, उमेश विश्वकर्मा, रामगढ़ से सीताराम, बद्री विश्वकर्मा, धनबाद से अभिषेक विश्वकर्मा,पलामू प्रमंडल से प्रभु विश्वकर्मा, अजीत विश्वकर्मा संगे रांची कर अन्य भाग से समाज कर अदमी सैकड़ों कर संख्या में उपस्थित होलयं।

कार्जकरम के सफल बनायेक में मुध संरछक सत्यनारायण शर्मा, गणेश ठाकुर, दूधेश्वर विश्वकर्मा, अध्यछ श्रीकांत शर्मा, उपाध्यछ कार्तिक विश्वकर्मा, वीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मनोज कुमार विश्वकर्मा, सचिव राकेश कुमार शर्मा, सह सचिव आकाश विश्वकर्मा, संगठन सचिव जगदेव विश्वकर्मा, नवीन निश्चल, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा सह कोसाध्यछ प्रदीप विश्वकर्मा, कार्यकारिनी सदस्य मानिकचंद्र ठाकुर, अर्जुन विश्वकर्मा, उपेंद्र विश्वकर्मा निरंजन कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार कर जोगदान रहे। महिला टीम अध्यछ रेखा शर्मा, महिला प्रभारी रेणु शर्मा, सबिता विश्वकर्मा, मंजु शर्मा, कविता शर्मा, दीप्ति शर्मा भी रहयं।





# संत जेवियर्स कॉलेज कर टीम कर एमिफोरिया में लगातार तीसर जीत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी कर बारसिक सांस्कृतिक उत्सव एमिफोरिया में ई बछर भी संत जेवियर्स कॉलेज कर नाट्य मंडली टीम शक्ति आपन प्रभावसाली प्रस्तुति से सउब कर ध्यान आकरसित करलक। नुक्कड़ नाटक प्रतिजोगिता में टीम शक्ति लगातार तीसर धांव बिजय प्राप्त कइर के एगो नवा कीर्तिमान स्थापित कइर हे। टीम कर कलाकारमन आपन ससक्त अभिनय, प्रभावसाली संवाद अदायगी आउर दमदार संदस कर माध्यम से दरसरकमन आउर निरनायकमन के गहराई से प्रभावित करलक। नाटक कर प्रस्तुति में सामाजिक सरोकार के रचनात्मकता आउर ऊर्जा कर संगे मंचित करल गेलक, जेकर सउब खुइल के सराहना करलयं।

ई उल्लेखनीय उपलब्धि कर पाछे टीम कर सदस्यमन कर निरंतर अभ्यास, आपसी समन्वय, समय कर समरपन आउर रचनात्मक सोच प्रमुख रहे। लगातार








तीसर जीत ई सिद्ध कइर देइ हे कि प्रतिभा, मेहनत आउर मजबूत टीम भावना कर संगे केउ भी मंच में बड़ उपलब्धि हासिल करल जाए सकेला। कॉलेज परिवार आउर सुभचिंतकमन टीम शक्ति कल सउब कलाकारमन के ई सानदार उपलब्धि ले बधाई देते उनकल उज्ज्वल भविस कर कामना कईर हयं।

## जिनगी भइर रोना धोना



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

**हाय** रे हाय रे हाय रे
जिनगी भइर रोना धोना,
उमीद टुटते बथे सीना
दिलक चाइरो कोना,
जिनगी भइर रोना धोना।

छोड़ियो नइ रहल जाय
मोह माया जकड़ाय,
का जे आहे माटी ठिना,
उमीद टुटते बथे सीना
दिलक चाइरो कोना,
जिनगी भइर रोना धोना।

ना तो लुकाल जाय
ना तो छुपाल जाय,
देते पतरी - दोना,
उमीद टुटते बथे सीना
दिलक चाइरो कोना,
जिनगी भइर रोना धोना।

हाय रे हाय रे हाय रे
जिनगी भइर रोना धोना,
उमीद टुटते बथे सीना
दिलक चाइरो कोना,
जिनगी भइर रोना धोना।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com